वर्ष : 13 | अंक : 08 | टोंक | शनिवार, 09 अगस्त, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा संवत्-2082 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ :08

www.badhatarajasthan.in | badhatarajasthan@yahoo.com | badhatarajasthan.dainik | badtarajasthan

RNI NO. RAJHIN/2013/52026

# दैनिक बढ़ता राजस्थान

संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी मिलनी जारी रहेगी

**असम-त्रिपुरा में 4 नए प्रोजेक्ट्स को मंजूरी, मोदी कैबिनेट के 5 फैसले**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट बैठक हुई। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, कैबिनेट की बैठक में 5 अहम फैसले लिए गए हैं। इसके लिए कुल 52,667 करोड़ के फंड्स/प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है। वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 2025-26 में भी सब्सिडी दी जाएगी, जिसके लिए 12,060 करोड़ मंजूर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पीएम उज्ज्वला योजना को समावेशी विकास (सबके लिए विकास) के लिए वैश्विक स्तर पर सराहना मिली है। इसका मकसद लोगों की जिंदगी में बदलाव लाना है। रेल मंत्री में बताया कि मीटिंग में तय हुआ है कि घरेलू एलपीजी पर घाटे की भरपाई के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों को 30,000 करोड़ का मुआवजा दिया जाएगा। वहीं, तकनीकी शिक्षा में सुधार के लिए मेरीट योजना को 4,200 करोड़ की मदद दी जाएगी।

### हाईकोर्ट ने महेश जोशी की जमानत पर सुनवाई पूरी की

**ईडी ने कहा- टैंडर प्रक्रिया में रिश्वत ली; जोशी ने कहा- फंसाया गया**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जल जीवन मिशन घोटाले में जेल में बंद महेश जोशी की जमानत याचिका पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। जस्टिस प्रवीर भटनागर की बैंच ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया।

महेश जोशी की ओर से बहस करते हुए अधिवक्ता स्नेहदीप ने अदालत को बताया कि प्रकरण में उसे फंसाया गया है। प्रकरण को लेकर एसीबी में दर्ज मूल केस में याचिकाकर्ता का नाम नहीं है। याचिकाकर्ता को एक साल पहले नोटिस दिया गया। इसके बाद बिना कोई परिस्थिति बदले उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### सिंधिया ने थामा दिग्विजय का हाथ, मंच पर लेकर गए

**भोपाल में एक कार्यक्रम में मिले दोनों नेता; सभागार में तालियां गूंज उठीं**

बढ़ता राजस्थान

**भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल में शुक्रवार को एक निजी स्कूल के शुभारंभ के मौके पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की मुलाकात राजनीतिक गलियारे में चर्चा में रही। इस स्कूल के शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिंधिया थे। कार्यक्रम में सिंधिया पहुंचे तो दिग्विजय सिंह मंच से नीचे बैठे थे और तब राजनीतिक गिले शिकवे को दरकिनार करते हुए सिंधिया खुद मंच से नीचे आए और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय को लेकर मंच पर गए।

सिंधिया की इस पहल का वीडियो अब वायरल हो रहा है। इसे लेकर कहा जा रहा है कि विरासत का अर्थ केवल संपत्ति नहीं, संस्कारों और अनुभवों का हस्तांतरण भी है।

# मोदी ने पुतिन से फोन पर बात की

## कहा- भारत में आपका स्वागत करने के लिए उत्सुक; एक दिन पहले डोभाल मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति से मिले थे

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की है। ट्रम्प टैरिफ विवाद के बीच पीएम मोदी और पुतिन ने भारत-रूस संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। पीएम मोदी ने X पर लिखा- मेरी राष्ट्रपति पुतिन के साथ बहुत अच्छी और डिटेल बातचीत हुई। मैंने यूक्रेन के हालात पर जानकारी शेयर करने के लिए उन्हें धन्यवाद कहा। हमने अपने आपसी सहयोग बढ़ाने और भारत-रूस की रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मैं इस साल के अंत में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा का इंतजार कर रहा हूं।

**मॉस्को में पुतिन से मिले थे एनएसए डोभाल**

एक दिन पहले ही भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने गुरुवार को मॉस्को यात्रा के दौरान क्रेमलिन में पुतिन से मुलाकात की थी। यह मुलाकात सुरक्षा, आर्थिक और ऊर्जा सहयोग पर द्विपक्षीय वार्ता के लिए हुई। रूसी सरकारी मीडिया स्पूतनिक ने एक वीडियो जारी किया जिसमें डोभाल ने भारत-रूस संबंधों को बेहद खास बताया और दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक साझेदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारा रिश्ता बहुत खास और पुराना है। हम अपनी रणनीतिक साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। हमें राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की खबर से बहुत खुशी है। तारीखें लगभग तय हो चुकी हैं।

**पुतिन इस साल भारत आएंगे**

राष्ट्रपति पुतिन इस साल के आखिरी हफ्ते में भारत दौरे पर आएंगे। रूसी न्यूज एजेंसी तास ने कल यह जानकारी एनएसए अजीत डोभाल के हवाले से दी थी। अब पीएम मोदी से हुई बातचीत के बाद यह तय है कि पुतिन इस साल के आखिर में भारत आएंगे। डोभाल ने रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात में कहा था, अब हमारे रिश्ते बहुत खास बन गए हैं, जिनकी हम कदर करते हैं। हमारे देशों के बीच एक मजबूत साझेदारी है और हम हाई लेवल पर बातचीत करते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से रूस के साथ भारत के संबंधों पर की गई टिप्पणियों की वजह से ये यात्रा काफी अहम मानी जा रही है। ट्रम्प ने रूस से तेल खरीदने को वजह बताकर ही भारत पर पहले 25% फिर 50% टैरिफ लगाया है।




### गहलोत बोले- बीजेपी सब जगह नहीं,चुनिंदा जगह गड़बड़ी करवाती है : जबसे मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन की कमेटी में अमित शाह शामिल हुए, बर्ताव बदल गया

**जयपुर (का.स.)।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने राहुल गांधी का समर्थन करते हुए चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। गहलोत ने कहा- पहले चुनाव आयोग की साख इतनी मजबूत थी कि दूसरे देश अपने यहां चुनाव करवाने के लिए ट्रेनिंग लेते थे। आज भारत की जनता ही चुनाव आयोग को शक की निगाह से देख रही है। बीजेपी ने अपने अलोकतांत्रिक बर्ताव से संस्थानों का सत्यानाश कर दिया है। गहलोत ने कहा- राहुल गांधी के खुलासे के बाद देश चिंता में है। जब चुनाव आयोग सत्ताधारी दल से मिलीभगत कर ले तो देश में लोकतंत्र कैसे बचेगा लोकसभा चुनाव में 25 सीटों का ही तो फासला था। बीजेपी वाले सब जगह नहीं, चुनिंदा जगहों पर गड़बड़ करवाते हैं। इतनी ही गड़बड़ी करवाते हैं कि जीत जाए। गहलोत जयपुर आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

# ईसी बोला-राहुल के दावे सही तो शपथ पत्र साइन करें

**वरना देश से माफी मांगें; राहुल का जवाब- संसद में संविधान की शपथ ली है**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से कहा है कि वे वोट चोरी के अपने दावे को सही मानते हैं तो हलफनामे पर साइन करके दें। अगर उन्हें अपने दावों पर भरोसा नहीं है तो देश से माफी मांगें।

न्यूज एजेंसी एएनआई ने चुनाव आयोग के सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, राहुल मानते हैं कि चुनाव आयोग पर उनके आरोप सही हैं, तो उन्हें शपथपत्र पर हस्ताक्षर करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

इधर, राहुल ने कर्नाटक के बेंगलुरु में फ्रीडम पार्क में आयोजित वोट अधिकार रैली के दौरान कहा कि चुनाव आयोग मुझसे हलफनामा मांगता है। वो कहता है कि मुझे शपथ लेनी होगी। मैंने संसद में संविधान की शपथ ली है। राहुल ने कहा-

आज जब देश की जनता हमारे डेटा को लेकर सवाल पूछ रही है तो चुनाव आयोग ने वेबसाइट ही बंद कर दी। ईसी जानता है कि जनता उनसे सवाल पूछने लगी तो उनका पूरा ढांचा ढह जाएगा।

इससे पहले राहुल ने गुरुवार को दिल्ली में एक प्रेजेंटेशन के जरिए वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और वोट चोरी का




आरोप लगाया था। राहुल ने कहा कि हमने यहां वोट चोरी का एक मॉडल पेश किया, मुझे लगता है कि इसी मॉडल का प्रयोग देश की कई लोकसभाओं और विधानसभाओं में हुआ।

**प्रियंका बोलीं- चुनाव आयोग जांच के बजाय हलफनामा मांग रहा**

चुनाव आयोग की तरफ से हलफनामा वाली बात सामने आने पर प्रियंका गांधी ने कहा- राहुल गांधी जी ने वोट चोरी पर बड़ा खुलासा किया है, जिसकी जांच होनी चाहिए। चुनाव आयोग वोटर लिस्ट नहीं दे रहा है, इस मामले में जांच करने के बजाय, वो हलफनामा मांग रहा है। हम लगातार डेटा दिखा रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग मानने को तैयार ही नहीं है।

**7 अगस्त:** राहुल का आरोप- ईसी ने बीजेपी के साथ चुनाव चुराया कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को वोटर लिस्ट में गड़बड़ पर 1 घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रेजेंटेशन दिया। राहुल ने स्क्रीन पर कर्नाटक की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में संदिग्ध वोटर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के नतीजे देखने के बाद हमारा शक पुख्ता हुआ कि चुनाव में चोरी हुई है। मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट नहीं देने से हमें भरोसा हुआ कि चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र के चुनाव की चोरी की है। राहुल ने कहा कि हमने यहां वोट चोरी का एक मॉडल पेश किया, मुझे लगता है कि इसी मॉडल का प्रयोग देश की कई लोकसभाओं और विधानसभाओं में हुआ। राहुल के आरोपों पर कर्नाटक चुनाव आयोग ने शपथ पत्र मांगा है। कहा कि वे लिखित में शिकायत करें ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

## ट्रम्प बोले- टैरिफ से रोज करोड़ों डॉलर आ रहे

## शेयर मार्केट में रिकॉर्ड बन रहा, वामपंथी कोर्ट ने इसे रोका तो महामंदी आएगी...

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार को दावा किया है कि टैरिफ से शेयर बाजार में जबरदस्त बढ़ोतरी हो रही है और हर दिन नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। साथ ही, सैकड़ों अरब डॉलर देश की तिजोरी में आ रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर कहा कि अगर किसी अतिवादी वामपंथी कोर्ट ने इस वक्त टैरिफ के खिलाफ फैसला सुनाया तो इतनी बड़ी रकम और सम्मान को वापस पाना मुश्किल होगा। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि ऐसा फैसला 1929 की तरह महामंदी ला सकता है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह तबाह हो जाएगी। ट्रम्प ने दावा किया कि वह कोर्ट सिस्टम को सबसे अच्छे से समझते हैं और इतिहास में कोई भी उनकी तरह चुनौतियों से नहीं गुजरा। उन्होंने कहा कि देश को सफलता और महानता चाहिए, न कि अराजकता, असफलता और अपमान।



**चीन ने भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की**-वहीं, चीन ने भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने गुरुवार को इसे टैरिफ का दुरुपयोग करार दिया। गुओ ने कहा- चीन साफ तौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका को तकनीकी और व्यापारिक मुद्दों का राजनीतिकरण बंद करना चाहिए।




# हमास इजराइली बंधकों को रिहा करने को तैयार

## नेतन्याहू के गाजा पर कब्जा करने के प्लान पर कहा- यह पिकनिक नहीं, भारी कीमत चुकानी होगी

बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव (एजेंसी)।** फिलिस्तीन का उग्रवादी संगठन हमास सभी बंधकों की रिहाई के लिए इजराइल के साथ एक व्यापक समझौता करने को तैयार हो गया है।

इसके साथ ही उसने कहा कि इजराइल ने गाजा पर कब्जा करने कोशिश की तो भारी कीमत चुकानी, यह कोई पिकनिक नहीं होगी। हमारे लोगों का विरोध रुकेगा नहीं, नेतन्याहू की प्लानिंग फेल हो जाएगी।

इससे पहले इजराइल की सुरक्षा कैबिनेट ने शुक्रवार को गाजा पट्टी के उत्तरी इलाके में मौजूद गाजा सिटी पर कब्जे के लिए इजराइली सेना को मंजूरी दी थी। पीएम नेतन्याहू के ऑफिस ने बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। करीब 10 घंटे चली बैठक के बाद बयान जारी किया गया था, जिसमें कहा गया कि कैबिनेट के ज्यादातर सदस्य इस योजना के पक्ष में हैं।

**गाजा के 75% इलाके पर पहले से इजराइल का कंट्रोल**

इजराइल की योजना का मकसद गाजा शहर में उन इलाकों में घुसना है, जहां हमास के कब्जे में अभी भी कई बंधक होने की आशंका है। ये वो इलाके हैं जहां अब तक इजराइली सेना ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई नहीं की है।

इजराइली सेना का कहना है कि गाजा के लगभग 75% हिस्से पर उसका नियंत्रण है। गाजा पट्टी उस 25% इलाके में



**इजराइल कैबिनेट ने जंग खत्म करने के बदले हमास के सामने 5 प्रमुख शर्तें**

- हमास पूरी तरह हथियार डाले।
- बचे हुए सभी 50 बंधकों की रिहाई।
- गाजा से सैन्य ताकतों का खात्मा।
- गाजा पर इजराइल का सुरक्षा नियंत्रण।
- गाजा में ऐसा वैकल्पिक नागरिक प्रशासन बनाना, जो न तो हमास हो और न ही फिलिस्तीनी प्राधिकरण।

है, जो आईडीएफ के कब्जे में नहीं हैं। इससे पहले नेतन्याहू ने पूरी गाजा पट्टी पर कब्जे की बात कही थी, लेकिन हालिया बयान में केवल गाजा सिटी का जिक्र है। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने शुक्रवार को ऐलान किया कि जर्मनी अगले आदेश तक इजराइल को गाजा जंग में इस्तेमाल होने वाले हथियारों की सप्लाई नहीं करेगा।

इजराइल पर जंग के दौरान गाजा में निर्दोष लोगों को मारने के कई आरोप लगे हैं। इस वजह से जर्मनी ने अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के मद्देनजर यह कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक गाजा जंग में 60 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

**ब्रिटिश पीएम स्टार्मर बोले- गाजा में सैन्य कार्रवाई बढ़ाना गलत**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर ने गाजा सिटी पर कब्जे के फैसले को गलत बताया है। साथ ही उन्होंने तुरंत इस पर दोबारा विचार करने की अपील की है।

## सम्पादकीय

# यह कैसा एटम बम, राहुल गांधी का फुस्स पटाखा

आखिरकार राहुल गांधी ने तथाकथित एटम बम फोड़ दिया, लेकिन वह तो फुस्स पटाखा निकला। उन्होंने बेंगलुरु लोकसभा सीट के चुनाव को लेकर जैसे आरोपों के सहारे चुनाव आयोग और भाजपा को कठघरे में खड़ा किया, वैसे आरोप वे महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों को लेकर पहले भी लगा चुके हैं। वे यह समझा चुके हैं कि महाराष्ट्र में वोटों की चोरी ऐसे-ऐसे हुई थी, लेकिन इसके बारे में चुनाव आयोग ने उन्हें जो बताया और पूरी बात समझाने के लिए अपने समक्ष उपस्थित होने को बार-बार कहा, उसकी उन्होंने अनदेखी ही की। चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा करने का काम एक अर्से से किया जा रहा है। ईवीएम को खास तौर पर निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसी निशानेबाजी को सदैव खारिज ही किया। वास्तव में यह राहुल गांधी की नई खोज है कि कांग्रेस इसलिए चुनाव हार रही है, क्योंकि चुनाव आयोग छल-छद्म से भाजपा को जिताने का काम कर रहा है।

यदि ऐसा है तो उन्हें अथवा उनके जैसी बातें करने वाले विपक्ष के किसी नेता को यह स्पष्ट करना चाहिए कि झारखंड और जम्मू-कश्मीर में भाजपा क्यों हारी? राहुल गांधी यह समझें तो बेहतर कि वे नेता सदन हैं, लेकिन संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग को बिना किसी ठोस प्रमाण बदनाम करने के साथ ही उसे धमकाने में भी लगे हुए हैं। यह उन्हें शोभा नहीं देता।

उनकी मानें तो बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर चुनाव आयोग भाजपा को जिताने की कोई गहरी साजिश कर रहा है। विपक्षी दलों के कुछ और नेता ऐसा ही मान रहे हैं। अपने देश में मतदाता सूची में मृतकों के नाम होना और जीवित लोगों के न होना नई-अनोखी बात नहीं। इसमें सुधार की सख्त जरूरत है। चुनाव आयोग यही कर रहा है। इसकी तो सराहना होनी चाहिए, लेकिन उलटे उसे बदनाम किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूची का जो पहला मसौदा जारी किया, उस पर विपक्ष हंगामा तो कर रहा है, लेकिन आयोग के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज नहीं करा रहा है। यह लोगों को गुमराह करने वाली राजनीतिक चालबाजी को ही बयान करता है। होना तो यह चाहिए कि सभी दल चुनाव आयोग से यह पूछें कि वह मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का काम समय पर क्यों नहीं करता? यह लोकतंत्र के हित में है कि कोई ऐसा व्यक्ति वोट न देने पाए, जो इसके लिए पात्र नहीं है। इसी तरह किसी पात्र व्यक्ति को वोट देने से वंचित भी नहीं किया जाना चाहिए। यदि राहुल गांधी अपने आरोपों को लेकर तनिक भी गंभीर हैं तो वह सारी जानकारी शपथपत्र के जरिये चुनाव आयोग को दें, जो उसने उनसे मांगी है। यदि वे ऐसा नहीं करते तो चुनाव आयोग को उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। आखिरकार राहुल गांधी ने तथाकथित एटम बम फोड़ दिया, लेकिन वह तो फुस्स पटाखा निकला। उन्होंने बेंगलुरु लोकसभा सीट के चुनाव को लेकर जैसे आरोपों के सहारे चुनाव आयोग और भाजपा को कठघरे में खड़ा किया, वैसे आरोप वे महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों को लेकर पहले भी लगा चुके हैं। वे यह समझा चुके हैं कि महाराष्ट्र में वोटों की चोरी ऐसे-ऐसे हुई थी, लेकिन इसके बारे में चुनाव आयोग ने उन्हें जो बताया और पूरी बात समझाने के लिए अपने समक्ष उपस्थित होने को बार-बार कहा, उसकी उन्होंने अनदेखी ही की।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 9 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- दुनिया के सात अजूबों में से एक इटली के पीसा की झुकी हुई मीनार का निर्माण 1173 में शुरू हुआ।
- पोप जॉन 22वें ने 1329 में भारत के क्यूलोन में पहले कैथोलिक धर्मप्रदेश की स्थापना की।
- वेटिकन का सिस्टिन चैपल 1483 में प्रार्थना के लिए खुला।
- अमेरिका में 1831 में पहली बार स्टीम इंजन ट्रेन चली।
- वेबस्टर एशबर्टन संधि के तहत अमेरिका और कनाडा की सीमा 1842 में निर्धारित की गई।
- थॉमस अल्वा एडिसन ने 1892 में टू-वे टेलिग्राफ का पेटेंट कराया।
- अल्वा फिशर ने 1910 में बिजली से चलने वाली वाशिंग मशीन का पेटेंट हासिल किया।
- प्रसिद्ध काकोरी काण्ड की घटना 1925 में घटित हुई थी।
- मुंबई में 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन के साथ 'करो या मरो' का नारा देने के बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी 50 समर्थकों के साथ गिरफ्तार किए गए।
- स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 1942 में मलाया (अब मलेशिया) में जापान की मदद से इंडियन नेशनल आर्मी की स्थापना की।
- अमेरिका ने 1945 में जापान के नागासाकी पर दूसरा परमाणु बम गिराया।
- रूस की राजधानी मास्को में परमाणु हथियारों की परीक्षण प्रतिबंध संधि पर 1963 में हस्ताक्षर करने वाला भारत पहला देश बना।
- सिंगापुर 1965 में मलेशियाई संघ से अलग होकर स्वतंत्र राष्ट्र बना।
- भारत और सोवियत संघ ने 1971 में 20 साल की अनाक्रमण संधि पर हस्ताक्षर किए।
- भारत-पाकिस्तान मैत्री संधि पर 1971 में हस्ताक्षर।
- सोवियत संघ ने 1973 में मार्स 07 का प्रक्षेपण किया।
- वॉटरगेट कांड का खुलासा होने पर अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निस्कन ने 1974 को त्यागपत्र दिया, उप राष्ट्रपति जेरल्ड फोर्ड को राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई गई।
- मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को 1996 में भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान चुना गया।
- रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने 1999 में प्रधानमंत्री सर्जेई स्तेपशिन को बर्खास्त कर खुफिया सेवा के प्रमुख ब्लादिमीर पुतिन को कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया।
- संसद ने 2000 में मध्य प्रदेश पुनर्गठन विधेयक 2000 को मंजूरी दी जिससे एक अलग छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण का रास्ता साफ हुआ।
- जिम्बाव्वे में 2000 को व्यापक विरोध के बावजूद भूमि सुधार की प्रक्रिया शुरू।
- नासा का मानवयुक्त अंतरिक्षयान डिस्कवरी 14 दिन की अपनी साहसिक और जोखिम भरी यात्रा के बाद कैलिफ़ोर्निया स्थित एयरबेस पर 2005 में सकुशल उतरा।
- नेपाल सरकार और माओवादियों के बीच 2006 में संयुक्त राष्ट्र निगरानी मुद्दे पर सहमति बनी।
- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मरम्मत के महत्त्वपूर्ण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए 2007 में वैज्ञानिकों की टीम लेकर अंतरिक्ष यान एण्डेवर अपने अभियान पर निकला।

## विशेष आलेख

# रक्षाबंधन के बदलते मायने परंपरा से आधुनिकता तक





डॉ. प्रियंका सौरभ

**रक्षाबंधन का धागा सिर्फ कलाई पर नहीं, दिल पर बंधता है। यह एक वादा है साथ निभाने का, सुरक्षा का, और बिना कहे समझ लेने का। बहन की राखी में वो मासूम दुआ होती है जो शब्दों में नहीं कही जाती, और भाई की आंखों में वो संकल्प होता है जो हर चुनौती से लड़ने का हौसला देता है। समय चाहे जितना बदल जाए, दूरियाँ जितनी भी हो, ये धागा हर बार रिश्तों की गर्मी लौटा लाता है। रक्षाबंधन एक उत्सव नहीं, एक एहसास है जो हर साल हमें जोड़ता है।**

भारत विविधताओं से भरा देश है, जहां हर त्यौहार न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होता है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रिश्तों को भी मजबूत करता है। इन्हीं में से एक विशेष पर्व है रक्षाबंधन, जो भाई-बहन के रिश्ते की मिठास, प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक है। लेकिन बदलते समय, समाज, तकनीक और सोच के साथ-साथ रक्षाबंधन के मायने भी बदल रहे हैं। यह बदलाव केवल रस्मों तक सीमित नहीं है, बल्कि इस पर्व की आत्मा, इसके उद्देश्य और इसके सामाजिक संदर्भ में भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

रक्षाबंधन की जड़ें भारतीय इतिहास, पौराणिक कथाओं और सामाजिक परंपराओं में गहराई से जुड़ी हैं। द्रौपदी और श्रीकृष्ण की कथा हो या रानी कर्णावती द्वारा हुमायूं को भेजी गई राखी, यह पर्व सदा से रक्षक और संरक्षित के बीच एक नैतिक संकल्प का प्रतीक रहा है। पहले के समय में राखी केवल भाई-बहन के खून के रिश्ते तक सीमित थी। बहन भाई की कलाई पर राखी बाँधती थी और भाई जीवनभर उसकी रक्षा करने का वचन देता था। यह रिश्ता स्नेह, विश्वास और समर्पण से भरा होता था।

अब रक्षाबंधन का दायरा केवल खून के रिश्तों तक सीमित नहीं रहा। आज कई महिलाएं अपने दोस्तों, सहकर्मियों, शिक्षकों, सैनिकों और यहां तक कि प्रकृति को भी राखी बाँधती हैं। यह दर्शाता है कि रक्षा अब केवल एक व्यक्ति विशेष का दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक संबंधों की व्यापक जिम्मेदारी बन चुका है। इसका सबसे सुंदर उदाहरण है कि अब बहनें भी अपने छोटे भाइयों को कहती हैं मैं भी तेरी रक्षा करूँगी। यानी सुरक्षा का रिश्ता अब एकतरफा नहीं रहा, यह परस्पर बन गया है।

तकनीक ने आज रिश्तों के समीकरण ही बदल दिए हैं। पहले जहां राखी भेजने के लिए डाकघर जाना पड़ता था, अब एक क्लिक में डिजिटल राखियाँ, वीडियो कॉल, ऑनलाइन गिफ्टिंग और वर्चुअल सेरेमनी हो रही हैं। विदेशों में बसे भाई-बहन अब भले दूर हों, लेकिन वीडियो कॉल पर राखी बाँधने की परंपरा, स्क्रीन पर तिलक और डिजिटल मिठाई ने एक नई तरह की जुड़ाव की भावना पैदा की है। कुछ लोग भले इसे भावनाओं की कमी कहें, लेकिन सच्चाई यह है कि तकनीक ने दूरी को पाटने का जरिया भी दिया है।

पहले रक्षाबंधन पर भाई बहन को मिठाई और उपहार देता था। यह एक तरह से प्रेम की अभिव्यक्ति थी। लेकिन अब कई बहनें कहती हैं भैया, गिफ्ट नहीं चाहिए, थोड़ी सी फुर्सत चाहिए, समय चाहिए, समझ चाहिए। आज की बहन आत्मनिर्भर है। वह भावनात्मक सुरक्षा, मानसिक सहयोग और बराबरी की भागीदारी चाहती है। उपहार की जगह अब रिश्तों में पारदर्शिता, संवाद और समय की मांग अधिक हो गई है।


पुराने जमाने में रक्षाबंधन का अर्थ था भाई बहन की रक्षा करेगा। परंतु आज यह परिभाषा बदल रही है। लड़कियाँ भी आज आत्मनिर्भर हैं, अपने भाइयों की मदद कर रही हैं, उन्हें मानसिक और आर्थिक संबल दे रही हैं। रक्षाबंधन अब यह नहीं कहता कि केवल भाई ही रक्षक होगा, बल्कि यह दर्शाता है कि भाई और बहन दोनों एक-दूसरे की ज़िंदगी में सुरक्षा, समर्थन और प्रेरणा बन सकते हैं।

आज के समय में रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का पर्व नहीं रहा, यह प्रकृति की रक्षा, सामाजिक सौहार्द और समानता का प्रतीक भी बन चुका है। कई स्थानों पर पेड़ों को राखी बाँधने की परंपरा चल पड़ी है वृक्ष-रक्षा बंधन। बच्चें और महिलाएं वृक्षों को राखी बाँधकर यह संदेश दे रही हैं कि हम केवल मानव की नहीं, प्रकृति की भी रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी तरह से सैनिकों को राखी भेजना यह बताता है कि देश की रक्षा करने वाले वीरों के साथ भी हम भावनात्मक रूप से जुड़े हैं। बहनें अब केवल रक्षा की याचक नहीं, बल्कि स्वाभिमानी, आत्मनिर्भर और संवेदनशील भी हैं। कई परिवारों में बहनें ही भाइयों की आर्थिक, शैक्षणिक या सामाजिक मदद कर रही हैं। यह बदलाव यह संकेत करता है कि रक्षाबंधन अब पौरुष और स्त्रीत्व के सांचे से बाहर निकल कर इंसानी मूल्यों और बराबरी के धरातल पर खड़ा हो रहा है। आज के इस व्यस्त जीवन में भावनाओं की अभिव्यक्ति के तरीके भले बदल गए हों, लेकिन उनकी अहमियत कम नहीं हुई है। भाई-बहन अब केवल राखी के दिन नहीं, सालभर एक-दूसरे के जीवन में सहयोगी बने रहते हैं। रक्षाबंधन एक बहाना है उन रिश्तों को फिर से जीने का, जिनमें कभी झगड़े थे, कभी मिठास, कभी नाराज़गी और कभी अपार स्नेह। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि रिश्ते बनाए नहीं जाते, निभाए जाते हैं।

आज रक्षाबंधन केवल हिंदू धर्म या भारतीय संस्कृति तक सीमित नहीं रहा। यह पर्व अब सांप्रदायिक सौहार्द, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक भी बन चुका है। कई जगह मुस्लिम लड़कियाँ हिंदू भाइयों को राखी बाँधती हैं, ईसाई बच्चे सैनिकों को राखी भेजते हैं — यह सब इस बात का संकेत हैं कि रक्षा का संकल्प मानवता का संकल्प है, न कि केवल किसी धर्म, जाति या समुदाय का।

रक्षाबंधन के बदलते मायने हमें यह समझाते हैं कि त्योहार केवल रस्में नहीं होते, वे विचार होते हैं, भावना होते हैं। आज का रक्षाबंधन हमें यह सीख देता है- कि रक्षा एकतरफा नहीं, परस्पर होती है। कि रिश्ते खून से नहीं, भावना से बनते हैं। कि प्रकृति, समाज और देश भी हमारी रक्षा के हकदार हैं। और यह कि महिला केवल संरक्षित नहीं, संरक्षक भी हो सकती है। रक्षाबंधन अब केवल एक पर्व नहीं, एक दार्शनिक दृष्टिकोण है — जो कहता है कि प्रेम, समर्पण और समानता से ही समाज और रिश्ते टिक सकते हैं।

# हिन्दुओं के बंटने से अखिलेश के 'पीडीए' को मिलता है खाद्य पानी



संजय सक्सेना

**उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के सरकारी स्कूलों के मर्जर के फैसले ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। विपक्षी पार्टियां बुरी तरह से योगी सरकार पर हावी हो गई हैं,जिसके चलते सरकार को यह कहना पड़ गया कि जहां पचास से ज्यादा बच्चे वाले और एक किलोमीटर से ज्यादा दूरी वाले स्कूलों का मर्जर नहीं होगा। फिर भी राजनीति थमने का नाम नहीं ले रही है। यहां तक की समाजवादी पार्टी के रामपुर के एक मुस्लिम नेता ने इस नीति के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए 'पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक)पाठशाला' ही खोल दी, जिसने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में हलचल मचाई, बल्कि 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए एक बड़े सियासी दांव के रूप में भी उभरा है।**

गरीब, दलित और पिछड़े वर्गों के बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने का दावा करके अपना पीडीए मजबूत करना चाहती है, उधर, भारतीय जनता पार्टी ने इसे राजनीतिक प्रचार का हथियार बताकर तीखी आलोचना कर रही है। दोनों पक्षों के बीच बयानबाजी और कार्रवाइयों ने यूपी की सियासत को और गरमा दिया है। योगी सरकार द्वारा तर्क दिया जा रहा है कि कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों को मर्ज करने का फैसला इस लिये लिया गया है ताकि संसाधनों का बेहतर उपयोग हो और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो। सरकार के मुताबिक, प्रदेश में लगभग 1.4 लाख प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूल हैं, जिनमें 29,000 स्कूलों में छात्रों की संख्या 50 से कम है। इन स्कूलों को बड़े परिसरों और बेहतर सुविधाओं वाले स्कूलों में मर्ज करने की योजना है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना कि 50 से ज्यादा छात्रों वाले स्कूलों का मर्जर नहीं होगा, और एक किलोमीटर से ज्यादा दूरी वाले स्कूलों को भी मर्ज नहीं किया जाएगा। सरकार का दावा है कि यह नीति बच्चों को अटल आवासीय विद्यालय और मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय जैसी आधुनिक सुविधाओं से जोड़ेगी। खाली हुए स्कूल भवनों को बाल वाटिका और आंगनवाड़ी केंद्रों में बदला जाएगा, लेकिन इस फैसले का विपक्ष पुरजोर विरोध कर रहा है।

सपा ने इसे गरीब और हाशिए पर रहने वाले बच्चों, खासकर लड़कियों, की शिक्षा पर हमला करार दिया। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार उन इलाकों में स्कूल बंद कर रही है, जहां सपा को चुनाव में बढ़त मिलती थी। उन्होंने संसद में कहा, यह राजनीतिक फैसला है। सरकार पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज के बच्चों से शिक्षा छीन रही है। इस विरोध को और धार देने के लिए अखिलेश ने 'पीडीए पाठशाला' की शुरुआत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं, शिक्षित युवाओं और रिटायर्ड शिक्षकों से अपील की कि वे बंद होने वाले स्कूलों के गांवों में पाठशालाएं चलाएं। अखिलेश ने कहा, हम बच्चों की पढ़ाई रुकने नहीं देंगे। जब तक सरकार शिक्षकों की भर्ती नहीं करती, पीडीए पाठशाला और ट्यूशन चलता रहेगा।

सपा के इस अभियान ने सहारनपुर, कानपुर, मिर्जापुर, भदोही, मऊ और संभल जैसे जिलों में रफ्तार पकड़ी। लेकिन इन पाठशालाओं में पढ़ाए जा रहे पाठ्यक्रम ने विवाद खड़ा कर दिया। सहारनपुर में सपा नेता फरहाद आलम गाड़ा ने अपने घर में पाठशाला शुरू की, जहां बच्चों को 'ए फॉर अखिलेश', 'बी फॉर बाबा साहेब', 'डी फॉर डिंपल' और 'एम फॉर मुलायम' जैसे उदाहरण पढ़ाए गए। संभल में सपा के पार्टी ऑफिस में बच्चों को 'बी फॉर बेरोजगारी' और 'बीजेपी यानी बहुत झूठी पार्टी' सिखाया गया। इन वीडियो के वायरल होने के बाद बीजेपी ने इसे बच्चों के दिमाग में राजनीतिक जहर घोलने की साजिश करार दिया। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा, यह शिक्षा नहीं, समाजवादी ब्रेनवॉश है। बच्चों को राजनीति की प्रयोगशाला नहीं बनने दिया जाएगा।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान



श्री रामकिशोर मीणा
(आरएएस अधिकारी)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के शानदार अधिकारी राम किशोर मीणा। 05 जून सन 1982 को राजस्थान के दौसा जिले में जन्में रामकिशोर मीणा का बचपन ग्रामीण परिवेश में बीता लेकिन शिक्षा के मामले में शुरू से ही होशियार रहे। नेट (राजनीति विज्ञान) एम.ए (राजनीति विज्ञान) से करने के बाद राजस्थान प्रशासनिक सेवा में आए और आज अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, गंगापुरसिटी सवाई माधोपुर जैसे बड़े पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पहले ये रजिस्ट्रार, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर रहे। शासन उप सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ग्रुप-3 विभाग जयपुर। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् कम. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,ईजीएस एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी माडा दौसा रहे।

भू.प्रबन्ध अधिकारी, टोंक। उपायुक्त, नगर निगम जयपुर हैरिटेज जयपुर। उपायुक्त, नगर निगम जयपुर। उपखण्ड अधिकारी, कामां भरतपुर। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् .कम.अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ईजीएस एवं पदेन परियोजना अधिकारी माडा दौसा। आयुक्त, नगर परिषद् अलवर।

उपखण्ड अधिकारी, बामनवास सवाई माधोपुर। उपखण्ड अधिकारी, बौंली सवाई माधोपुर। उपखण्ड अधिकारी, मनोहरथाना झालावाड़। सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट प्रशिक्षणाधीन धौलपुर। रहे। बेहद शानदार किस्म के अधिकारी हैं। पीड़ितों की बात को ध्यान पूर्वक सुनना और उनके निस्तारण तक पहुँचना इनकी परिवरिश को दर्शाता है। अलवर नगर परिषद आयुक्त पदस्थाप्रा के दौरान इनकी शानदार कार्यशैली और व्यक्तितत्व को बड़े करीब से देखा। बहुत ही सरल और सहज इंसान हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

## Today | बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | 1 | | | 9 | | |
| | | | | | | 4 | | |
| 9 | 4 | | | | | | | 2 |
| | | | | 1 | | 8 | 2 | |
| | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 7 | 9 | 4 | | | |
| | | 1 | | | 7 | | | |
| | | 8 | | | | | 3 | 6 |
| | 2 | | 6 | | | | | |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 |
| 6 | 1 | 7 | 9 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 5 | 1 | 6 | 7 | 3 | 8 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 9 | 5 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 2 | 9 | 3 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 7 | 6 | 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | 9 |
| 1 | 3 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 9 | 1 | 7 | 2 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
बौद्धिक काम और व्यावसायिक क्षेत्र में आप नए विचारों से प्रभावित होंगे। आप अपनी सृजनशक्ति का भी परिचय देंगे। इसके बावजूद मानसिक रूप से आपका स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा। संतान से संबंधित मामलों से दु:ख हो सकता है।

**वृष**
विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। संबंधों में भावनाओं की प्रधानता रहने से संबंध सुखदायी रहेंगे। विभिन्न योजनाओं से संबंधित विचारों की अधिकता से आप दुविधा में रहेंगे। हालांकि, परिजनों के साथ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

**मिथुन**
दूर स्थित व्यक्ति या संस्था के साथ संबंधों में दृढ़ता आएगी, जो आगे चलकर लाभदायी रहेगी। अधिक खर्च से बचने की जरूरत है। निर्धारित काम में अपेक्षाकृत कम सफलता प्राप्त होगी। आज का दिन मध्यम रहेगा।

**कर्क**
पिता और बड़ों से लाभ होने की संभावना है। व्यावसायिक कामों को लेकर कहीं जाना पड़ सकता है। कार्यभार में वृद्धि होगी। हालांकि, आर्थिक योजनाएं बेहतर तरीके से पूरी कर सकेंगे। आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी है। कोई छोटी यात्रा आपके लिए लाभकारी रहेगी।

**सिंह**
आज सेवा कार्य के लिए भी शुभ दिन है। शारीरिक स्वस्थता और मानसिक खुशी बनी रहेगी। आज आपको वाद-विवाद में सफलता मिलेगी। नए संबंध बनेंगे, जो आगे आपके काम आएंगे। विद्यार्थियों की पढ़ने-लिखने में रुचि बढ़ेगी। भाग्य का

**कन्या**
संभव हो तो वाद-विवाद से दूर रहें। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद होने की संभावना है। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। विशेषकर आंखों का ध्यान रखें। दुर्घटना की भी आशंका है। कोर्ट-कचहरी के काम में सावधानी बरतें। आज का दिन बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा।

**तुला**
आपका आज का दिन आनंदप्रद रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में भी कुछ काम कर सकेंगे। आज आपके संपर्क में वृद्धि होगी। आपके क्षेत्र के बाहर के लोगों के साथ भी संचार अधिक रहेगा। बौद्धिक कामों के प्रति रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक**
शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। दोस्तों और स्नेहीजनों के साथ आनंददायी भेंट होगी। प्रवास भी आनंदप्रद रहेगा। परिजनों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। सरकारी संकट उपस्थित हो सकता है।

**धनु**
अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। रमणीय स्थल पर प्रवास की भी संभावना है। आज का दिन शुभफल देने वाला है। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे।

**मकर**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज आप ज्यादा इमोशनल ना हों और ना ही कोई नया रिश्ता बनाने की ओर अग्रसर हों। किसी बीमारी के कारण मन में चिंता रहेगी। ज्यादा सोचने के कारण मानसिक थकान का अनुभव हो सकता है।

**कुंभ**
परिजनों के साथ धन संबंधी कोई विवाद हो सकता है। आज भाइयों से लाभ होगा। दोस्तों से मुलाकात और स्वजनों से खुशी मिलेगी। किसी सुंदर स्थल पर प्रवास की संभावना है। आज आपको हर काम में सफलता प्राप्त होगी।

**मीन**
आध्यात्मिकता और ईश्वरभक्ति से मानसिक शांति मिलेगी। आज का दिन आपके लिए लाभकारी और शुभफलदायी है। विवाहोत्सुकों के लिए विवाह के योग हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में भी विशेष लाभ होगा। अनावश्यक खर्च हो सकता है।

# रक्षाबंधन पर नन्हीं बहनों ने इको-फ्रेंडली राखियों से सजाई अधिकारियों की कलाइयां

## अधिकारियों ने सुरक्षा और सम्मान का संदेश दिया

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर शुक्रवार को स्टेप बाय स्टेप स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए स्वयं निर्मित इको-फ्रेंडली राखियों से जिले के विभिन्न अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधा और रक्षा का वचन लिया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कलेक्टर कार्यालय से हुई, जहां छात्राओं ने पत्तियों एवं फूलों से बनी राखियां जिला कलक्टर काना राम को बांधी, तिलक लगाया और नारियल भेंट किया। जिला कलक्टर ने बच्चियों को पेन, कॉपी और मिठाई भेंट कर आशीर्वाद दिया तथा उनके सपनों के बारे में पूछते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

इसके पश्चात बच्चों ने अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा को राखी बांधकर आशीर्वाद लिया। स्कूली बालिकाएं जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं यूआईटी सचिव, आईएएस गौरव बुड़ानिया के कार्यालय भी पहुँचीं। सीईओ ने छात्राओं से संवाद करते हुए बेहतर शिक्षा पद्धति, कैरियर मार्गदर्शन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के टिप्स साझा किए। उन्होंने सभी बच्चियों को उपहार और चॉकलेट वितरित कर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

बालिकाओं ने जिला शिक्षा अधिकारी हरिकेश, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी अजय, संतोष, विजय राम, कमलेश (पीटीआई) और मनोज (जिला परिषद) सहित अन्य अधिकारियों को भी राखियां बांधकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

विद्यालय परिसर में कक्षा एलकेजी से आठवीं तक के बच्चों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों से प्रेरित स्वनिर्मित राखी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें लगभग 150 बच्चों ने अपनी बनाई विविध प्रकार की राखियों का प्रदर्शन किया। नगर परिषद अभियंता रीना ने श्रेष्ठ दो राखियों का चयन किया। बच्चों ने आपस में और अपने गुरुजनों को भी राखियां बांधीं तथा गिफ्ट व चॉकलेट देकर पर्व का आनंद लिया।

कार्यक्रम में सुश्री मोहिनी, पल्लवी, अनुप्रिया, शिवानी, निशा, कोमल, देवराज, दिलकुश, शैलेंद्र, साहिल, बंटी आदि शिक्षकों ने रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्था निदेशक अरविन्द कुमार सिंघल ने कहा कि रक्षाबंधन का असली संदेश तभी सार्थक



होगा जब समाज का हर व्यक्ति हर बेटी की सुरक्षा और सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को बच्चों से राखी बंधवाने और उन्हें आशीर्वाद देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर निर्झरा, बैदेही, नैन्सी, हर्षिता, परी, कृतिन और गर्विता सहित कई छात्राओं ने अपनी सुंदर इको-फ्रेंडली राखियों से पर्व को यादगार बना दिया।

## रक्षा बंधन का त्यौहार आज, दिनभर बांधी जाएगी राखी

### शुक्रवार को दिन भर रही बाजार में ग्राहकों की भीड़,

### राखी के त्यौहार की पूर्व संध्या पर बसों व जीपों की छतों पर भी रही भीड़



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** भाई बहन के प्यार का प्रतीक रक्षा बंधन के त्यौंहार को लेकर शुक्रवार को बाजारों में महिलाएं, बालिकाएं व युवतियों की काफी भीड़ रही। राखियों की दुकानों पर जमकर राखियों की बिक्री हुई। वहीं मिठाईयों की दुकानों व फलों के ठेलों पर भी महिलाएं, बालिकाएं व युवतियों की भीड़ दिखाई दी। रक्षा बंधन के त्यौंहार पर बसों में महिला व पुरूषों की काफी भीड़ रही। बाजारों में लोग अपनी बहन-बेटियों को रक्षा बन्धन के त्यौहार पर साडियां भेंट करने के लिए कपडों की दुकानों पर खरीददारी करते हुए दिखाई दिए। खरीददारी के लिए ग्रामीण क्षेत्र से भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी जिससे बडा बाजार, चौहट्टी बाजार, जमात, सब्जी मंडी, बिलाला मार्केट, गणगौरी बाजार, पटेल रोड, टोंक रोड व झिलाय रोड सहित सभी बाजारों में रौनक रही। त्यौहार को लेकर बसों की छतों पर भी यात्रियों को जोखिम भरी यात्रा करते हुए देखा गया। रेलवे स्टेशन पर भी दिन भर सैकड़ों यात्रियों की भीड़ लगी रही। ट्रैन के अन्दर भीड़ होने से यात्रियों को भारी समस्या के बीच सफर करना पड़ा। शनिवार को रक्षा बंधन का त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। रक्षा बंधन के त्यौहार पर बहिनें अपने भाईयों की लम्बी उम्र की कामना के लिए भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधेगी। रक्षा बंधन के त्यौहार को लेकर सुबह से दिनभर रक्षा बंधन 2025 की बधाईयां एवं शुभकामनाएं देने का दौर जारी रहा। शुक्रवार की रात्रि से ही मोबाइलों पर मैसेज, व्हाटस एप, फेसबुक एवं फोन पर एक दूसरे को रक्षा बंधन के त्यौहार की बधाई व शुभकामनाएं दी।

## राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम ने सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** शिक्षकों के सभी केडर की विभिन्न मांगों पर शिक्षा मंत्रालय राजस्थान सरकार द्वारा की गई वादा खिलाफी को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम द्वारा चलाए जा रहे प्रांतव्यापी आंदोलन के तहत एडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग में राज्य सरकार द्वारा पूर्व में संगठन को शिक्षकों की विभिन्न मांगों पर विस्तृत वार्ता करने का लिखित आश्वासन दिया था।

लेकिन शिक्षकों की विभिन्न मांगों पर सकारात्मक रुख नहीं रखते हुए वादा खिलाफी की है। इस वादा खिलाफी को लेकर संगठन द्वारा प्रांतव्यापी आंदोलन चलाया जा रहा है। आंदोलन के दूसरे चरण के तहत शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी, कोटा में 24 अगस्त को विशाल शिक्षक रैली का आयोजन किया जाएगा। इस शिक्षक रैली में संपूर्ण राज्य के सभी जिलों के शिक्षक भाग लेकर आक्रोश व्यक्त करेंगे।

## शिक्षको ने सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** राष्ट्रीय शिक्षक संघ राष्ट्रीय की उप शाखा मालपुरा ने मुख्यमंत्री के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी को सौंपी। संघ की ओर से सौंपे ज्ञापन में शिक्षको से सम्बन्धित समस्याओं व मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने की मांग की गई। मुख्य मांगो में शिक्षको के सभी संवर्गो के स्थानान्तरण करने, तृतीय श्रेणी शिक्षको की पदौन्नति करने, शिक्षको के रिक्त पदो को भरने, वेतन विसंगति दूर करने, ई ग्राम प्रभारी के रूप में शिक्षको को नहीं लगाने की मांग की गई। संघ के सुरेश विजय ने बताया कि ज्ञापन देते समय शाखा अध्यक्ष बंशीलाल शर्मा, मंत्री मुकेश नामा, संभाग मीडिया प्रभारी कालूराम माली, पूर्व विभाग संगठन मंत्री राजेन्द्र प्रसाद, बाबूलाल यादव, अरविन्द टांक, देवकीनन्दन गोस्वामी, राजेन्द्र वर्मा, योगिता शर्मा, कृष्णा शर्मा, सत्यनारायण तेली सहित अन्य कई शिक्षक मौजुद रहे।

## जैन संयोजक व बीलवाल व पाण्डेय सह संयोजक मनोनीत

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा के लिए मालपुरा शहर संयोजक व सह संयोजको की नियुक्ति कर दी गई है। भाजपा जिला कार्यालय की ओर से जारी सूची के अनुसार तिरंगा यात्रा के मालपुरा संयोजक जिला आयोजना समिति एवं पार्षद डॉ. अकिंत जैन होगें तथा सह संयोजक के रूप में नोरत बिलवाल व दिनेश पाण्डेय को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा टोडारायसिंह के लिए नीरज जोशी संयोजक, जगदीश सैनी व अनुज जैन सह संयोजक, लाम्बाहरिसिंह के संयोजक महावीर प्रजापत व सह संयोजक अशोक गुप्ता व अशोक योगी, पचेवर के संयोजक रामबाबू जांगिड़ व सह संयोजक सागर जोशी व कैलाश चौधरी, मोर संयोजक राहुल गुर्जर व सह संयोजक शिवराज प्रजापत व अशोक धाकड़, संवारिया संयोजक यशपाल सांडीवाल व सह संयोजक मुरलीधर राव व शिवलाल धाकड़ तथा भाजपा लावा के संयोजक रघुवीर सिंह चौधरी तथा सह संयोजक लक्ष्मीनारायण सैनी तथा गणेश शर्मा को नियुक्त किया गया है। मालपुरा में 13 को निकलेगी तिरंगा यात्रा :- भाजपा तिरंगा यात्रा के मालपुरा मंडल संयोजक डॉ. अकिंत जैन ने बताया कि शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित बैठक में निर्णय के अनुसार 13 अगस्त बुधवार को प्रात: 10 बजे पुरानी तहसील स्थित बारादरी बालाजी मन्दिर से प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।

## कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत दाखिया में रात्रि चौपाल आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत दाखिया में रात्रि चौपाल आयोजित की गई। रात्रि चौपाल में रास्ते की समस्या, पीएम आवास में नाम जोड़ने, पेयजल आपूर्ति, मोती सागर बांध की नहरों की सफाई करवाने जैसी समस्याएं सामने आई। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का हल तत्काल एवं गुणवत्तापूर्ण करें। उन्होंने उपखंड अधिकारी हुक्मीचंद रोहलानिया को विभागों से समस्याओं के निस्तारण की रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने संवेदनशीलता से ग्रामीणों की सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी राज्य सरकार की मंशानुसार आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान करें, और पात्र लोगों को सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ प्रदान करें। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारी के रात्रि चौपाल में नहीं आने को गंभीरता से लिया और नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने विद्यालय की पीईईओ अनिता जांगिड़ एवं आंगनबाड़ी की महिला सुपरवाइजर से ग्राम पंचायत में जर्जर भवनों तथा मरम्मत योग्य भवनों की जानकारी ली।

रात्रि चौपाल में कलेक्टर ने सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करवाएं जाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान तहसीलदार मानवेंद्र जायसवल, विकास अधिकारी सविता राठौड़, एडीईओ चौथमल चौधरी, सीएमएचओ शैलेंद्र चौधरी जिला कलेक्टर के निजी सहायक मुकेश चौधरी समेत ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## किसानों को भूमि विकास बैंक टोंक ने 5 करोड़ रुपये 70 हजार रुपये की ब्याज राहत दी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला सहकारी भूमि विकास बैंक टोंक ने मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 में किसानों को बड़ी राहत दी है। भूमि विकास बैंक के सचिव रवींद्र सिंह यादव ने बताया कि योजना के तहत जिले के 275 ऋणियों ने 2 करोड़ 80 लाख रुपये जमा करवाए है। सचिव ने बताया कि ऋणियों द्वारा राशि जमा कराने पर बैंक ने 5 करोड़ 70 हजार रुपये की ब्याज राहत प्रदान की है। उन्होंने बताया कि ऋणी किसान मूलधन राशि जमा करवाकर ब्याज में छूट का शत प्रतिशत लाभ उठा सकते है।

## भाजपा की हर घर तिरंगा अभियान एवं तिरंगा यात्रा को लेकर जिला कार्यशाला संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर प्रत्येक जिले में होने वाले हर घर तिरंगा अभियान, तिरंगा यात्रा एवं विभाजन की विभीषिका दिवस के आयोजन को लेकर सवाई माधोपुर कार्यकर्ताओं की जिला कार्यशाला आज जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित हुई । जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि जिला कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ, कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हरिराम रिणवा, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश जैन, डॉ भरतलाल मथुरिया, तिरंगा यात्रा कार्यक्रम संयोजक जगदीश अग्रवाल, सहसंयोजक बाबूलाल मीणा, बामनवास के पूर्व प्रधान राजेन्द्र मीणा, गंगापुर सिटी प्रधान मंजू गुर्जर उपस्थित रहे ।

कार्यशाला में हर घर तिरंगा लगाने एवं तिरंगा यात्रा को भव्य बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई और उसके लिए कार्ययोजना तैयार की गई, अथिति हरिराम रिणवा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि 10- 11 अगस्त को प्रत्येक मंडल पर बैठक का आयोजन हो और बैठक में तिरंगा यात्रा की योजना बने एवं बैठक में बूथ अध्यक्ष एवं पार्टी द्वारा निर्धारित बीएलए -2 को आमंत्रित करना है, उन्होंने कहा




कि पार्टी में काम की ताकत से कार्यकर्ता आगे बढ़ता है । कार्यशाला को जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने भी संबोधित किया उन्होंने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि 10- 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, इससे पूर्व मंडल की कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें तिरंगा यात्रा के लिए ध्वज वितरित किए जाएंगे । तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम संयोजक जगदीश अग्रवाल ने कहा कि जिला स्तरीय भव्य तिरंगा यात्रा 14 अगस्त को जिला मुख्यालय पर आयोजित की जाएगी, यात्रा से पूर्व विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस पर भी गोष्ठी की जाएगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री विनोद अटल, जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग, सत्यनारायण धाकड़, विजय गुर्जर, लालचंद गौतम, उदय गुर्जर, मीरा सैनी, जिला मंत्री गंगाशंकर गौतम, हरफूल मरमट, जिला कोषाध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष रितेश भारद्वाज, कपिल जैन, मनीष अग्रवाल, अशोक राज मीणा, श्रीचंद सैनी, महावीर गड़ासिया, शंकर सिंह नरूका,रामराज मीणा, मिथलेश व्यास, सुनीता वैष्णव, पुष्पेंद्र ,मोर्चा संयोजक जमनालाल वैष्णव, संतोष मथुरिया ,प्रेमदेवी मीणा,सावित्री शर्मा,आदि उपस्थित रहे ।

## हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान: नगर परिषद ने रंगोली और सफाई व्यवस्था से दिया राष्ट्र प्रेम का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित हर घर तिरंगा अभियान जिले भर में पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर परिषद सवाई माधोपुर द्वारा भी हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों आयोजित की जा रही है।

नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना ने बताया कि जिला कलक्टर कानाराम द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश प्रदान के गए थे। अभियान के तहत हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव एवं स्वच्छता के संग की थीम के साथ हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर परिषद द्वारा शुक्रवार को क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत आलनपुर स्थित तलाई की सफाई की गई। शहर




स्थित सामुदायिक शौचालय, शहर के प्रमुख चौराहे एवं वार्डों में सफाईकर्मियों द्वारा सफाई का कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि नरेगा श्रमिक एवं टीम के द्वारा शहर में अलग-अलग स्थान पर जिला कलेक्टर कार्यालय, महावीर पार्क तथा नगर परिषद परिसर इत्यादि में स्वच्छता की थीम की विशेष रंगोली बनाई गई, साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्कूली विद्यार्थियों से राखी बांधने की प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। नगर परिषद क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में तिरंगे का वितरण भी किया गया। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रतिदिन गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य पदार्थ 11 नमूने लेकर खाद्य प्रयोगशाला भिजवाए

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर एवं जिला कलक्टर कलक्टर काना राम के निर्देशानुसार रक्षाबंधन के त्यौहार पर जिले में खाद्य पदार्थ एवं मिठाईयां की बढ़ी हुई खपत को देखते हुए उसमें मिलावट की आशंका पर चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत नमूनीकरण की कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल द्वारा की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जैमिनी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश पूर्विया व खाद्य सुरक्षा अधिकारी नितेश गौतम के नेतृत्व में आज मैसर्स शिव मिष्ठान भंडार मिर्जापुर से बर्फी व लाला मिष्ठान भंडार से खीरमोहन व मलाई बर्फी के नमूने लिए। इसके बाद टीम उदई मोड पहुंची वहाँ बीकानेर मिष्ठान भंडार से कलाकन्द व खीरमोहन के नमूने लिए। इसके बाद टीम मलारना डूंगर पहुंचे वहाँ से 2 नमूने लिए।

इस प्रकार कुल 11 नमूनें खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लेकर खाद्य प्रयोगशाला जयपुर भिजवाए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल द्वारा सभी मिठाई विक्रेताओं को साफ सफाई से कार्य करने खाद्य सामग्री को ढककर बिक्री करने एवं अपनी दुकान का खाद्य लाइसेंस दुकान पर डिस्प्ले में लगाकर रखने हेतु निर्देशित किया गया।



## बालिकाओ ने एसडीएम की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र

### एसडीएम चौधरी ने रक्षा सूत्र की रक्षा करने व सुरक्षा करने का दिया बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** पीएम श्री राजकीय बालिका उमावि में शुक्रवार को रक्षाबंधन का पर्व उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

प्रधानाचार्य अनुपमा कालरा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने बालिकाओ को हर घर तिरंगा अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही अभियान को सफल बनाने के लिए बालिकाओ से सहयोग की अपेक्षा की। साथ ही अभियान की सफलता के लिए शुरू किए हस्ताक्षर अभियान का उपखण्ड अधिकारी ने हस्ताक्षर कर शुभारम्भ किया। इस दौरान रक्षाबंधन पर्व भी आयोजित किया। पर्व के अन्तर्गत विद्यालय की बालिकाओ ने उपखण्ड अधिकारी की कलाई पर राखी बांधी। राखी बंधते ही उपखण्ड अधिकारी भावुक हो गए और राखी का मान रखते हुए बालिकाओ की पूर्ण सुरक्षा करने, बालिकाओ के मान सम्मान की रक्षा करने का वचन दिया।

# इण्डिया बुक ऑफ रिकॉर्ड 2025 में दर्ज हुआ चमत्कार

# आशय ने आंखों पर पट्टी बांधकर जीती चेस

## उदयपुर के 11 वर्षीय आशय पुरोहित ने दिखाया अद्भुत मानसिक संतुलन, एकाग्रता और स्मरण शक्ति का करिश्मा

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** कल्पना कीजिए एक 11 वर्षीय बालक, आंखों पर पट्टी बांधे हुए, सामने रखी चेस बोर्ड को देख भी नहीं सकता, लेकिन उसके मन की आंखें एक-एक चाल को साफ़ देख रही हैं, समझ रही हैं और जीत की दिशा तय कर रही हैं।

यह कोई कल्पना नहीं वरदन् हकीकत है। उदयपुर के आशय पुरोहित की सच्ची, साहसी और प्रेरणादायक उपलब्धि ने उन्हें इण्डिया बक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज करा दिया। आशय पूरोहित डॉ. गजेंद्र पूरोहित (प्रख्यात गणितज्ञ एवं यूट्यूबर) और श्रीमती स्वर्णलता पूरोहित के पुत्र हैं। आशय ने ब्लाइंडफोल्ड चेस (आंखों पर पट्टी बांधकर चेस खेलना) में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर इण्डिया बुक अरॅफ रिकाईस में अपना नाम दर्ज किया।

आशय को यह सफलता ए ब्रेन कोच जयपुर में विशेष माइंड ट्रेनिंग लेने के बाद मिली, जहाँ उन्हें प्रवीण कुमार पारीक एवं श्रीमती निशा पारीक जैसे अनुभवी प्रशिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस प्रशिक्षण ने न केवल उनकी स्मरण शक्ति को बढ़ाया, बल्कि उनके फोकस, लॉजिकल थिंकिंग और ब्रेन प्रोसेसिंग स्पीड को भी नई ऊँचाइयाँ दीं। इस असाधारण उपलब्धि के साथ आशय ने यह साबित कर दिया कि मानसिक शक्ति, स्मरण क्षमता और एकाग्रता का संगम किसी भी असंभव को संभव बना सकता है।

ब्लाइंडफोल्ड चेस कोई साधारण खेल नहीं,यह वह स्तर है जहाँ खिलाड़ी को पूरी चेसबोर्ड की स्थिति केवल कल्पना और स्मृति के सहारे अपने दिमाग में बनानी होती है। और आशय ने इस कठिनतम चुनौती को आत्मविश्वास, रणनीति और धैर्य के साथ पार करते हुए विजेता बनकर सबको चौंका दिया।

आशय की माता स्वर्णलता पूरोहित कहती हैं कि आशय शुरू से ही अलग सोचने वाला, जिज्ञासु और गहराई में जाने वाला बच्चा रहा है। उसे हमेशा नयी चीज़ों को समझने, उनके पीछे की वजह जानने और खुद से चुनौतियाँ लेने का शौक रहा है। उसकी स्मरण शक्ति, एकाग्रता और सोचने की शैली इतनी परिपक्व है कि कई बार हम खुद भी हैरान रह जाते हैं। आज जो उसने ब्लाइंडफोल्ड चेस में कर दिखाया, वह उसी अंतर्निहित प्रतिभा और जुनून का परिणाम है। समाज के कई शिक्षकों, अभिभावकों और गणमान्य व्यक्तियों ने आशय की इस उपलब्धि की मुक्तकंठ से सराहना की है, और यह विश्वास जताया है कि वह भविष्य में भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रोशन करेगा।




# सदर थाना पुलिस ने कटकड़ क्षेत्र में फायरिंग और हथियारों से हमला करने के मामले में फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सदर थाना पुलिस ने कटकड़ क्षेत्र में फायरिंग और हथियारों से हमला करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 315 बोर का देशी कट्टा भी बरामद हुआ है। आरोपी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था।थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि 3 अगस्त को वजीरपुर थाना क्षेत्र के मेडी निवासी विजयसिंह मीना ने मामला दर्ज कराया था। विजयसिंह ने बताया कि वह अपने साथी देवीसिंह, विवेक और आशीष के साथ कार से एक रिटायरमेंट कार्यक्रम में शामिल होने कटकड़ आए थे।इसी दौरान युवराज मीना और अन्य बदमाशों ने धारदार हथियार और देशी कट्टा लेकर उन्हें रास्ते में घेर लिया। आरोपियों ने देशी कट्टे और पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में कार में दो जगह गोली लगी। बदमाशों ने हथियारों से हमला भी किया। देवीसिंह पर बेरहमी से हमला करने के बाद ग्रामीणों के आने से पहले सभी बदमाश घायल को गंभीर स्थिति में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया। पुलिस ने आरोपी की तलाश में खेडा, जमालपुर, कटकड़, फैलीपुरा सिंघान आदि स्थानों पर दबिश दी।जांच के दौरान कॉन्स्टेबल हेमेन्द्र और कानि प्रधान को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी गुमानपुरा, कटकड़ निवासी युवराज मीना लीलौटी में है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी युवराज मीना से वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

# एसीबीईओ शर्मा ने किया पदभार ग्रहण



बढ़ता राजस्थान

**साहवा/तारानगर ( कृष्ण कुमार )।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय तारानगर में नव नियुक्त अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार शर्मा ने पदभार ग्रहण किया। बुधवार को कार्यालय अधिकारी और स्टाफ की उपस्थिति में नव नियुक्त अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तारानगर के पद पर संजय कुमार शर्मा ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बब्लेश शर्मा ने उन्हें पद पर कार्य ग्रहण करवाया। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भागचंद , श्रवण सिंह एवं अन्य स्टाफ के साथी उपस्थित रहे। शर्मा की नियुक्ति पर सेवानिवृत अध्यापक राजकमल मारुति साहवा एवं मनोज जोशी अध्यापक ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बधाई प्रेषित की।

# स्किल डेवलपमेंट अपनाकर प्रेरणा गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं ने बनाई राखी



बढ़ता राजस्थान

**साहवा/तारानगर ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे में संचालित प्रेरणा गर्ल्स पीजी कॉलेज में शिक्षा में नए कौशल को अपनाकर शिक्षा में स्किल डेवलपमेंट की दिशा में बेहतर कार्य करते हुए महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा रक्षाबंधन के पवित्र त्योहार के पूर्व महाविद्यालय प्रांगण में राखी बनाने की प्रतियोगिता रखी गई। शुक्रवार को आयोजित की गई राखी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रेम स्वामी ( खोपड़ा ) सेमेस्टर द्वितीय की छात्रा, द्वितीय स्थान पर निशा जांगिड़ (साहवा) प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान पर साक्षी (कालवास) द्वितीय सेमेस्टर रही। कार्यक्रम प्रभारी ने बताया है कि छात्राओं ने शिक्षा में नया कौशल विकसित करते हुए घर से राखी बनाने का सामान लाकर कॉलेज में राखी बनाकर पिछले दिनों महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत हुए संवाद कार्यक्रम में स्किल डेवलपमेंट को अपनाए जाने पर बल दिया तथा छात्राओं ने उसी का अनुसरण करते हुए राखी बनाने की कला ईजाद की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ पूनम जोशी, श्रीमती मंजू बाला, माडूराम गोदारा, मांगीलाल सिंहमार, दलीप जोशी, प्रदीप कुमार, राकेश कुमार मान एवं कॉलेज निदेशक कमल कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

# अच्छे कर्मों का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता-ज्ञानचन्द

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** न्यू भूपालपुरा स्थित अरिहंत भवन में उद्बोधन देते हुए जैनाचार्य ज्ञानचंद्र महाराज ने कहा कि अपने भगवान पर, अपने कर्मों हमेशा भरोसा रखो। भगवान वह नहीं देता जो हमें अच्छा लगता है, भगवान वह देता है जो हमारे लिए अच्छा होता है।क्योंकि हम जो चाहते हैं उसके साइड इफेक्ट भी हो सकते हैं। वह नुकसानदायी भी बन सकता है। परंतु ईश्वर और आपका शुभ कर्म कभी गलत राह पर नहीं जाने देते हैं और उसका कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होता है ,वह हमेशा शुभ परिणाम ही देते हैं।

आचार्यश्री ने भक्ति की पात्रता को स्पष्ट करते हुए आगे बतलाया कि भगवान की भक्ति के लिए अपने आप को भी सही बनाए। इसके लिए आवश्यकता है कि परेशानी आए तो ईमानदार बने,धन आ जाए तो सरल बने, अधिकार आने पर विनम्र रहे, क्रोध आने पर शांत रहें', यही जीवन का सही प्रबंधन है।

उन्होंने कहा कि जब तक यह सहृदयता अंदर में नहीं आती, तब तक भगवान की प्राणों में प्रतिष्ठा नहीं हो सकती है। आप अपने आप को सही बनाएं। फिर भगवान की भक्ति पर पूरा भरोसा हो। जैसे सुदर्शन सेठ को था तो दैविक शक्ति भी झुक गई। संयोजक विजय कोठारी एवं अशोक कांठेड़ के अनुसार आदर्श त्यागी सुदर्शन मुनि महाराज साहब के 33 का तप चल रहा है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर

## पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ आयोजित होगा। इस समारोह की तैयारियों को लेकर संस्था प्रधान विपिन कुमार मामोड़िया और वाइस प्रिंसिपल मनीषा देवी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। विद्यालय प्रशासन ने समारोह के आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। व्याख्याता मालाराम यादव ने बताया कि विद्यालय को तिरंगाओं और देशभक्ति के नारों से सजाया जाएगा। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अलावा, विद्यालय में विभिन्न किस्म के पेड़-पौधे लगाए गए हैं और गमलों में भी पौधे लगाकर विद्यालय की संजावट की गई है। प्रिंसिपल विपिन कुमार मामोडिया ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस हमारे देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। यह दिन हमें देश की आजादी के लिए शहीद हुए वीर सपूतों को याद करने और उनके बलिदानों को सम्मान देने का अवसर प्रदान करता है। इस दिन हम अपने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने कहा की इस समारोह में विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से विद्यालय का माहौल देशभक्ति से भर जाएगा। इस दौरान शिक्षक महावीर शर्मा, निखिल गुप्ता, प्रकाश कसाना, अरविंद शर्मा, धोलाराम जाट, उमाशंकर, गोविंद सिंह, पूनम देवी, धन्नी देवी, रजनी चौहान, संजीता देवी, सुनिल कुमारी, पुष्पा कुमारी समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।



# द बोहराज ग्लोबल स्कूल के निदेशक श्री विनय बोहरा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** द बोहराज ग्लोबल स्कूल डायरेक्टर विनय बोहरा का जन्मदिन पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया।इस अवसर पर विनय बोहरा ने अपने दिन की शुरुआत पूजा अर्चना से प्रारंभ कर महुवा की श्री कृष्ण गोपाल गौशाला में गौ माता को हरा चारा गुड खिलाकर वृंदावन के संत श्री प्रेमानंद जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर श्री बांके बिहारी जी की चरण वंदना कर बरसाना में राधा रानी का आशीर्वाद के साथगोवर्धन में गोवर्धन महाराज जी का आशीर्वाद लेकर द बोहरा ग्लोबल सीनियर सेकेंडरीविद्यालय महुवा ,मंडावर, बालाजी, के समस्त विद्यालय परिवार सदस्यों स्टॉफ , श्री श्याम सखा सेवा परिवार,श्याम भक्त मंडल, व अनेक सामाजिकसंगठनों सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर उन्हें सभी उपस्थित लोगों ने जन्मदिन कीहार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनकी दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर प्रगति की कामना की।

# रक्षाबंधन पर विवेकानंद स्कूल सूरौठ की छात्राओं ने छात्रों को बांधे रक्षा सूत्र



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी/सूरौठ ( अंशु गुप्ता )।** रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व गंगापुर भरतपुर मेगा हाइवे स्थित विवेकानंद स्कूल सूरौठ में रक्षाबंधन पर्व का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के सभी छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में स्कूल की छात्राओं ने सभी छात्रों के कलाई पर राखी बांधी और उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सतीश जिंदल ने कहा कि रक्षाबंधन पर्व भाई-बहन के प्यार और स्नेह का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपने परिवार और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पालन करने की प्रेरणा देता है प्रधानाचार्य अवधेश शर्मा व व्यवस्थापक पंकज गोयल ने बच्चों को रक्षाबंधन पर्व के महत्व की जानकारी दी, किस प्रकार यह पर्व भाई बहन के बीच के स्नेह और प्रेम को दर्शाता है, विद्यार्थियों ने इस अवसर पर एक-दूसरे को राखी बांधी। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, इंग्लिश मीडियम के नन्ने मुन्ने विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया गया, इस त्यौहार से विद्यालय में एक सकारात्मक और प्रेमपूर्ण वातावरण बना और छात्र छात्राओं ने इस पर्व का आनंद लिया इस अवसर पर विद्यालय के सभी स्टाफ कर्मि व छात्र छात्रा मौजूद रहे.।

# प्रागपुरा में लगा पहला स्मार्ट मीटर, लोगों में चर्चा का विषय

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले में प्रागपुरा के सरकारी विद्यालय में पहला स्मार्ट मीटर लगाया गया है। जेईन विरेंद्र यादव ने बताया कि यह स्मार्ट मीटर स्थानीय विद्यालय के व्याख्याता मालाराम यादव की उपस्थिति में लगाया गया। इस मौके पर मालाराम यादव ने कहा कि स्मार्ट मीटर से विद्यालय की बिजली की खपत पर नजर रखी जा सकेगी और ऊर्जा की बचत होगी। पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा में स्मार्ट मीटर लगने की खबर शुक्रवार को आग की तरह फैल गई और लोगों में अनेक प्रकार की चर्चाएँ होने लगीं। कुछ लोगों ने स्मार्ट मीटर का स्वागत किया, जबकि अधिकांश लोगों ने इसका विरोध किया। लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर से आमजन की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। कांग्रेस कमेटी ब्लॉक संगठन महामंत्री अजय सैनी ने भी स्मार्ट मीटर का विरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भजन लाल सरकार प्राइवेट सेक्टर को बढ़ावा देते हुए जबरन स्मार्ट मीटर लगाये जाने पर तुली है, जो आमजन के लिए बड़े पैमाने पर लूट खसौट होगी। अजय सैनी ने कहा कि सरकार को आमजन के हितों का ध्यान रखना चाहिए और स्मार्ट मीटर लगाने से पहले लोगों की राय लेनी चाहिए। जेईन विरेंद्र यादव ने बताया की स्मार्ट मीटर से विद्यालयों और घरों में बिजली की खपत पर नजर रखी जा सकेगी और ऊर्जा की बचत होगी। इससे बिजली चोरी को भी रोकने में मदद मिलेगी। स्मार्ट मीटर से लोगों को अपने बिजली बिल का भुगतान करने में भी आसानी होगी।



# इनरव्हील क्लब उदयपुर दीवास ने मनाया स्तनपान सप्ताह




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में इनरव्हील क्लब उदयपुर दीवास द्वारा उदयपुर के महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय स्थित मदर मिल्क बैंक के विभागप्रमुख डॉ मेघवाल की सहायता से एक जागरूकता एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर क्लब की सदस्याओं ने अस्पताल में उपस्थित माताओं को बेबी सूट, गुड़, चना, सूखा नारियल एवं बिस्किट भेंट स्वरूप वितरित किए। इन पोषक आहारों का उद्देश्य माताओं की सेहत को सशक्त बनाना और शिशुओं के पोषण को सुनिश्चित करना था।

पूर्व अध्यक्षा श्रीमती नयना जैन ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि स्तनपान सप्ताह ना केवल शिशु को आवश्यक पोषण प्रदान करता है, बल्कि यह उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाता है। अध्यक्ष समीक्षा खंडेलवाल ने बताया कि माँ का दूध -नवजीवन का पहला वरदान,साथ ही माँ के लिए भी यह लाभदायक होता है दृ जैसे हार्मोनल संतुलन, वजन नियंत्रण और तनाव में कमी। यह माँ और शिशु के बीच के भावनात्मक संबंध को भी गहरा करता है।

क्लब की संस्थापक अध्यक्ष रेखा भाणावत ने भी स्तनपान से जुड़े व्यावहारिक सुझाव और प्रेरणात्मक बातें साझा कीं, जिससे उपस्थित महिलाएं लाभान्वित हुईं।

इस सेवा गतिविधि में उपाध्यक्ष आशा श्रीमाली, सचिव शशि मेहता, अंजना डुग्गर, बेला व्यास, पायल जैन, विनीता जैन, अनिता सरावगी ,ललिता बापना, एवं प्रीति श्रीमाली की सक्रिय भागीदारी रही।

# मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह 10 को

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** मुस्लिम समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 10 अगस्त को किया जाएगा। मुस्लिम एजुकेशन एंड वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष अध्यक्ष अंसार अहमद बताया कि मुस्लिम एजुकेशन एंड वेलफेयर कमेटी की एक बैठक पीलू वाली मस्जिद पर आयोजित हुई जिसमे 10 अगस्त रविवार को सुबह 9 बजे गणेशम रिसॉर्ट हिंडौन सिटी में आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोहों की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि भजनलाल जाटव,विशिष्ठ अतिथि लाखन सिंह मीणा,पूर्व सभापति प्रतिनिधि अमीनुद्दीन खान सहित कई अतिथि हिस्सा लेंगेसम्मान समारोह में 10 व 12 वी कक्षा सहित ग्रेजुएशन में अच्छे अंक प्रात करने वाले छात्र छात्राओं व राजकीय सेवा में चयनित छात्र छात्राओं सहित 213 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा बैठक में श्री ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष एजाज अहमद,कमेटी सचिव सकते डाक्टर मजीद मलिक,रावुद्दीन कुरैशी,सलीम फौजी, नावेद पठान,पप्पू सैफी,मुफीद खान,रौनक खान, मुफीक खान,अजहरुद्दीन सहित कई समाज के लोग उपस्थित रहे ।

# रक्षाबंधन स्नेह मिलन समारोह मनाया, दिलाई स्वच्छवता की शपथ

## तिरंगा रैली का किया आयोजन, जनप्रतिनिधि एंव अधिकारीगण रहे मौजुद



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** शुक्रवार को पंचायत समिति नैनवां के सभागार में 'रक्षाबंधन स्नेह मिलन समारोह' मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने जनप्रतिनिधियों अधिकारियों कर्मचारियों के रक्षा सूत्र बांधे। रक्षा सूत्र बांधने पर छात्राओ का मुंह मीठा करवाया गया तथा पंचायत समिति की ओर से उपहार भी भेंट किया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति के विकास अधिकारी नरेंद्र झाला मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश बुनकर ,अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनिल गोयल ,अतिरिक्त विकास अधिकारी बाबू खान व राजेंद्र कुमार जैन, संदर्भ व्यक्ति लक्ष्मण लाल माली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी ने 'स्वच्छता की शपथ' ली। उसके पश्चात स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभाग द्वारा निर्देशित 'तिरंगा रैली' का आयोजन भी किया गया। तिरंगा रैली में सबसे आगे छात्राएं उनके पश्चात जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी अपने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रीयता से ओतप्रोत नारों का जयघोष करते हुए चल रहे थे। अंत में नैनवा प्रधान पदम नागर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# काली होंडा कार में 2 पिस्टल कारतूस मिले, दो भाई गिरफ्तार

## नाथद्वारा पुलिस की कार्रवाई; बिना नंबर की कार में थे, नाकाबंदी पर रोका



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में नाथद्वारा पुलिस ने पिस्टल और कारतूस के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गुरुवार रात काले रंग की बिना नंबर की होंडा कार में थे। नाथद्वारा के लाखेलाई चौराहे पर पुलिस ने नाकाबंदी की हुई थी। बिना नंबर की कार आते देख पुलिस ने इसे रुकवाया। तलाशी में कार सवार युवकों के पास 2 पिस्टल और एक जिंदा कारतूस मिला। नाथद्वारा थाना इंचार्ज कमलेन्द्र सिंह के अनुसार- पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता व एएसपी महेंद्र पारीक के निर्देशन में जिले में अवैध हथियार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में नाकाबंदी की थी। युवकों के पास अवैध हथियार मिले। आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।गिरफ्तार दोनों आरोपी सगे भाई हैं। ये उदयपुर के मावली थाना के गांव ढन थामला के रहने वाले हंसराज (23) पुत्र देवीलाल जाट और कैलाश जाट (25) हैं। आरोपियों से अवैध हथियारों की सप्लाई चेन और नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# चाकू व डंडों से हमला, दुकान में तोड़फोड़ व लूट - पीड़ित ने सुभाषनगर थाने में दी रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा। ( अमित शर्मा )।** शहर के यूआईटी चौराहा स्थित एक सैलून पर गुरुवार शाम हथियारबंद बदमाशों ने हमला कर तोड़फोड़ और नकदी लूटने की वारदात को अंजाम दिया। घटना में दुकानदार घायल हो गया, जिसे एमजीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोतीपुरा मुंडैता थाना कोटड़ी निवासी सुरेश सैन (21), हाल किरायेदार गायत्रीनगर, यूआईटी चौराहा पर द सूर्या सैलून चलाता है। गुरुवार शाम करीब 5 बजे राकेश सेन (चपरासी कॉलोनी) अपने दो साथियों के साथ मोटरसाइकिल पर दुकान पर पहुंचा। आरोप है कि राकेश सेन छह माह पहले भी दुकान पर आकर मोबाइल तोड़ने और धमकाने की घटना कर चुका है।

पीड़ित के अनुसार, राकेश सेन शराब के नशे में दुकान का गेट तोड़कर अंदर घुस आया और अचानक चाकू से बाएं हाथ पर वार किया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। साथ आए युवकों ने डंडों से पीटकर पीड़ित के पीठ व कंधों पर गंभीर चोट पहुंचाई और दुकान में जमकर तोड़फोड़ की।

हमलावरों ने दुकान में रखी भगवान की ताक के नीचे दराज से 19,700 रुपये नकद निकाल लिए और पीड़ित की मोटरसाइकिल भी तोड़ दी। जाते-जाते आरोपियों ने धमकी दी कि दुकान खाली कर देना, नहीं तो जान से मार देंगे। घायल सुरेश को ग्राहकों की मदद से एमजीएच अस्पताल ले जाया गया, जहां हाथ में टांके लगाए गए। पीड़ित ने सुभाषनगर थाने में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नशे का शौक पूरा करने के लिए चुराई बैटरिया

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** नैनवां थाना पुलिस ने बैटरी चोरी मामले में वांछित आरोपी मनराज को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों नैनवा एसबी आई बैंक की छत से हुई बैटरी चोरी प्रकरण में आरोपी की तलाश जारी थी।

जून माह में एसबीआई बैंक शाखा में चोरी के मामले में पुलिस टीम द्वारा एक टेम्पो सहित 5 आरोपीयो को 18 बेटरियो के साथ गिरफ्तार किया जा चुका था।पुलिस टीम द्वारा तकनीकी विशलेषण व अथक प्रयासो से बेटरी चोरी के वांछित आरोपी मनराज को गिरफ्तार किया गया ।

प्रकरण मे पूर्व मे 5 आरोपी गिरफ्तार किये जा चुके है। चोरी की गई 18 बेट्रिया को बरामद कर चोरी मे प्रयुक्त टेम्पो को जप्त किया जा चुका है। आरोपी मनराज नशे के आदी है। नशे का शोक पुरा करने के लिये चोरी करता था ।

# आधी रात को मेडिकल स्टोर में लगी आग लाखों की दवाइयां जलकर हुई खाक

## देवली हॉस्पिटल के सामने बालाजी मेडिकल स्टोर में हुई आगजनी की घटना

### आइसक्रीम और जूस पार्लर भी चपेट में आया, दमकल के प्रयास से पाया काबू




बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** शुक्रवार की आधी रात 3-बजे शहर के राजकीय चिकित्सालय और महाविद्यालय के सामने बालाजी मेडिकल स्टोर में अचानक आग लग गई। उप जिला राजकीय चिकित्सालय के सामने स्थित इस मेडिकल स्टोर में आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इस घटना में मेडिकल स्टोर पूरी तरह जलकर राख हो गया। सूचना पर देवली थाना पुलिस और नगर पालिका की दमकल टीम तुरंत मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक स्टोर में रखी दवाइयां, उपकरण और फर्नीचर पूरी तरह जल चुके थे। देवली थाना पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच जारी है। इससे घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन 15 से 20 लाख रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है जा रहा है। घटना के दौरान लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। रात्रि को अस्पताल के सामने मेडिकल स्टोर में लगी आग कि लोगो सूचना पर मेडिकल स्टोर के मालिक देवकीनन्दन मंगल भी मौके पर पहुंचे। लोगों ने दुकान से तेज धुंआ निकलता देख कर दुकान मालिक को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दुकान मालिक जैसे ही शटर खोला तो आग की लपटे भीषण हो गई जिसके कारण मेडिकल स्टोर पूरी तरह जलकर खाक हो गया दमकल कर्मियों ने जैसे तैसे आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कुछ भी नहीं बच सका आग की लपटें पास स्थित पंचमुखी बालाजी जूस और आइसक्रीम पार्लर तक भी पहुंची, जिससे वहां रखा कूलर, वॉटर कैंपर, मिक्सी, जूसर, फर्नीचर और डीप फ्रिज की वायरिंग जल गई। जूस पार्लर संचालक व ज्योति कॉलोनी निवासी कमल जैन ने बताया कि आग से उन्हें भी हजारों रुपए का नुकसान हुआ है।

# राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियो हेतु लायंस क्लब कपासन ने स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया




बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र के राजकीय विद्यालयों में लायंस क्लब द्वारा शुक्रवार को अध्ययन कार्य में आवश्यक स्टेशनरी सामग्री का जरूरतमंद विद्यार्थियो में वितरण किया गया। जानकारी अनुसार लायंस क्लब कपासन द्वारा क्षैत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपाखेड़ी एवं उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय गुजरिया खेड़ी में अध्ययनरत जरूरतमंद छात्र-छात्राओं में अध्ययन कार्य में आवश्यक स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। जिसके तहत लायंस क्लब कपासन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा उक्त दोनों राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियो में स्कूल कॉपी, पेन, पेंसिल, स्केच कलर, ड्राइंग बुक, पानी की बोतल, सामान्य ज्ञान बुक, बिस्किट टॉफी आदि सामग्री का वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुधा उपाध्याय,लायंस क्लब अध्यक्ष मधु कोठारी, सचिव मंजुला सोमानी, उपाध्यक्ष संजू न्याति, राकेश सोमानी, नवीनकमल न्याति, परिधि सोमानी, ध्वनि सोनी, शिवानी आदि लायंस क्लब कपासन के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# नगर पालिका कपासन की कार्यवाही से प्रभावित केबिन व्यवसायियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** स्ट्रीट वेंडर्स यूनियन कपासन द्वारा केबिन व्यवसायियों की मांगों को लेकर गुरुवार को क्षैत्र के ग्राम मुंगाना में आयोजित रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

स्ट्रीट वेंडर्स केबिन यूनियन कपासन अध्यक्ष भवानीशंकर लोहार ने बताया कि उपखंड क्षैत्र कपासन के ग्राम मुंगाना में आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान स्ट्रीट वेंडर्स केबिन यूनियन के सदस्य एवं व्यवसायियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर जिला कलेक्टर चितौड़गढ़ आलोक रंजन को ज्ञापन सौंपा गया।इस दौरान केबिन यूनियन के व्यवसायियों द्वारा जिला कलेक्टर चितौड़गढ़ आलोक रंजन से भेंटकर अपनी विभिन्न समस्याओं संबंधी विस्तृत जानकारी से अवगत कराते हुवे नगर पालिका कपासन की कार्यवाही से प्रभावित एवं आहत केबिन व्यवसायियों को उचित स्थान प्रदान कराने की मांग की गयी। जहां प्रभावित एवं आहत केबिनधारी पुनः अपना संचालित कर अपना भरण पोषण कर सके। इस ज्ञापन प्रक्रिया दौरान पूर्व नपा सहवृत पार्षद पुखराज खाब्या, रमेशचंद्र भांड, जमनालाल कच्छावा, श्यामलाल लोहार, सत्यनारायण, अयूब खान भिस्ती, दिलावर खान, कुलवंत सिंह सरदार, भेरूलाल गाडरी, सादिक भाई तुर्कीया, सोनू सिंह, मंजूर खान, आरिफ खान आदि केबिन व्यवसायी उपस्थित रहे।

# यह न सिर्फ भावनात्मक जुड़ाव, बल्कि एक विश्वास और सुरक्षा का बंधन :जिला कलक्टर

## राजीविका की बहनों ने तिरंगा राखियां बांध पुलिस जवानों से लिया रक्षा का संकल्प

### जिला कलक्टर की पहल पर पुलिस लाइन में मनाया गया अनूठा रक्षाबंधन




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** हर घर तिरंगा अभियान की कड़ी में एवं रक्षाबंधन के पावन अवसर पर इस बार एक अभिनव दृश्य पुलिस लाइन, राजसमंद में देखने को मिला, जब राजीविका एसएचजी की बहनों ने परंपरागत राखी की बजाय तिरंगे रंगों से सजी तिरंगा राखी बांधकर देश की रक्षा में तैनात हमारे पुलिस जवानों को न केवल सम्मान दिया, बल्कि उनसे अपने और समाज की सुरक्षा का संकल्प भी लिया। इस दौरान जिला कलक्टर श्री अरुण कुमार हसीजा, एसपी श्रीमती ममता गुप्ता, एडिशन एसपी श्री महेंद्र पारीक सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, राजीविका की बहनें, स्टाफ आदि मौजूद रहे। विशेष बात यह रही कि राखियां खुद इन महिलाओं ने अपने पुलिस भाइयों के लिए तैयार की। यह कार्यक्रम जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा की प्रेरणा से आयोजित किया गया, जिसमें राजीविका से जुड़ी स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं ने भाग लिया। उन्होंने सौ से अधिक पुलिसकर्मियों की कलाइयों पर देशभक्ति से सजी राखियाँ बाँधीं और हर राखी के साथ एक भावनात्मक जुड़ाव, एक विश्वास और सुरक्षा का बंधन भी पिरोया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने कहा कि जब समाज की महिलाएं पुलिसकर्मियों को राखी बाँधती हैं, तो यह सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि कर्तव्य और संवेदना का प्रतीक बन जाता है। इस अवसर पर राजीविका जिला परियोजना प्रबंधक मुकेश नवल, ब्लॉक परियोजना प्रबंधक भैरूलाल बुनकर सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। पुलिसकर्मियों ने भी इस भावनात्मक पल को गहराई से महसूस करते हुए बहनों को रक्षा का वचन दिया। कार्यक्रम ने समाज में सामूहिकता, सौहार्द और देशभक्ति की भावना को और सशक्त किया। राजीविका की बहनों द्वारा निर्मित तिरंगा राखियों ने यह संदेश दिया कि जब नारी शक्ति और सुरक्षा बल साथ आते हैं, तो समाज और अधिक सुरक्षित और सशक्त होता है। जिला कलक्टर हसीजा ने इस अवसर पर उपस्थितजनों को 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि हर नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराना चाहिए और इस पुनीत कार्य के लिए अधिक से अधिक लोगों को वालंटियर बनने हेतु प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस के जवान त्योहारों और पारिवारिक अवसरों पर अपने घर नहीं जा पाते, ऐसे में राजीविका की बहनों ने समाज की ओर से उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आत्मीयता से स्वनिर्मित तिरंगा राखी बाँधी है। यह पहल न केवल रक्षाबंधन के पारंपरिक भाव को सशक्त बनाती है, बल्कि तिरंगे के माध्यम से राष्ट्रप्रेम और सामाजिक सौहार्द का संदेश भी देती है।

# वेवर महादेव मंदिर में छप्पन भोग लगाया

## भगवान का अर्धनारीश्वर रूप में श्रृंगार किया, भजन संध्या का भी आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** आमेट में चंद्रभागा नदी के किनारे प्राचीन वेवर महादेव मंदिर में छप्पन भोग मनोरथ का आयोजन किया गया। इस आयोजन को मंदिर मंडल और वेवर महादेव मित्र मंडल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

छप्पन भोग मनोरथ के दर्शन शाम 7 बजे शुरू हुए और देर रात तक चले।मंदिर परिसर में सुबह से ही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। पूरे मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों और बिजली रोशनी से सजाया गया। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। भगवान महादेव को अर्धनारीश्वर के रूप में श्रृंगार कर गर्भगृह में 56 भोग अर्पित किए गए। फूल बंगला देखने के लिए भक्तों की भीड़ शाम से देर रात तक लगी रही। भगवान शिव का सजा हुआ स्वरूप मनमोहक नजर आ रहा था। मंदिर में भगवान शिव के लिए गुलाब, बेला, गेंदा आदि फूलों से आकर्षक फूल बंगला सजाया गया। विभिन्न प्रकार की झांकियां भी सजाई गईं। भोग में 56 प्रकार के पकवान शामिल थे। इनमें इमरती, जलेबी, ड्राईफ्रूट लड्डू, केसर रोल, मोहन थाल और बादाम पिस्ता कतली शामिल थे। अखरोट लड्डू, गोंद लड्डू, रतलामी रोल, दूध के लड्डू, मक्खन बड़ा और मठरी भी अर्पित की गई। घेवर, मालपुए, बेसन चक्की, फिरनी, सलामी पेड, जामफल बर्फी, खोपरा पाक और गुलाब जामुन सहित अन्य पकवान भी भोग में शामिल थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि वेवर महादेव मंदिर में नित्य नए श्रृंगार और आकर्षक दर्शनों के कारण दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ रही है। इससे लोगों में अध्यात्म के प्रति आस्था और गहरी हो रही है।

शहर में गणेश मंदिर लक्ष्मी बाजार पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया।

# राजकीय बालिका विद्यालय में उर्दू शिक्षक के अभाव में 75 छात्राएं परेशान

## अभिभावकों ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पचपहाड़ में अध्ययनरत छात्राओं को उर्दू विषय की पढ़ाई में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

विद्यालय में कक्षा 6 से 10 तक की कुल 75 छात्राएं उर्दू विषय का अध्ययन कर रही हैं, लेकिन विद्यालय में लंबे समय से उर्दू विषय का शिक्षक नियुक्त नहीं है।

इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्र के समस्त अभिभावकों ने शुक्रवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय पर एसडीएम श्रद्धा गोमे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि शिक्षक के अभाव में छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और उन्हें निरंतर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से अभिभावकों ने उपखंड अधिकारी से मांग की है कि छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द विद्यालय में उर्दू शिक्षक की नियुक्ति की जाए, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो और शैक्षणिक माहौल सुचारु रूप से संचालित हो सके।

इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष विनय आस्तोलिया, पार्षद राज़िक अंसारी, हसीब चौधरी, मोहम्मद शकील, तस्लीम अंसारी, शैख़ आरिफ, निशाद बेग, शब्बीर मोहम्मद, सईद मंसूरी, कुदरत अली, अजहर अंसारी, सरफुद्दीन, मोहम्मद आरिफ, शाहबाज़ बेग, इरफ़ान बेग आदि लोग मौजूद रहे ।

# मन की कटूता त्यागने पर ही त्योहार मनाना सार्थक होता है- प्रज्ञान सागर महाराज



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** शांति वीर धर्म स्थल पर णमोकार मंत्र के 26 वें दिन चातुर्मास की पत्रिका वर्षा योग समिति के सभी सदस्यो वरिष्ठ सैष्टि द्वारा विमोचन कराया। धर्म सभा में मुनि प्रज्ञान सागर महाराज ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व एक वात्सल्य पर्व है। यह त्यौहार भाई बहन का पवित्र रिश्ते का त्यौहार है। त्यौहार तब सार्थक होता है,जब पूरा परिवारजन एक ही छत के नीचे बैठकर सामूहिक भोजन करते है। मन की कटूता त्यागने पर ही त्योहार मनाना सार्थक होता है। प्रत्येक मनुष्य से गलती होती है। त्यौहार पर अपने सगे संबंधी से अपनी गलती की क्षमा याचना करके दिलों की दूरियों को पास लाना इस त्यौहार के मायने है। रिश्ते निभाना मनुष्य के हाथ में होता है। हाथ का बंधा हुआ धागा तो खुल जाएगा। लेकिन प्रेम प्यार का बांधा हुआ धागा ऐसा बांधो जो कभी खुली नहीं पाएगा। रक्षाबंधन पर्व पर ही 700 जैन मुनियों पर उपसर्ग उत्पन्न हुआ था। उसकी रक्षा मांगी तुंगी मुनिराज ने की थी तब से ही रक्षाबंधन पर्व चला आ रहा है तब से ही रक्षा सूत्र प्रारंभ हुआ।

अहंकारी व्यक्ति कभी संस्कारी नहीं बन सकता है। जैन मुनि प्रसिद्ध सागर महाराज ने बताया कि आज का मनुष्य घमंड में इतना चकनाचूर हो गया। उसे धर्म की भाषा कड़वी लगने लगी है ।जो मनुष्य संतो की बात नहीं सुनता उनकी औलाद भी उनकी बात नहीं सुनेगी हम तो रावण बने हुए हैं हम चाहते हैं हमारा पुत्र राम बन जाए ऐसा कभी संभव हो ही नहीं सकता।

# बाबा मसानिया भैरुनाथ को राखी का चोला करवाया धारण

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( अमित शर्मा )।** शहर के पंचमुखी मोक्षधाम में स्थित श्री मसानिया भैरुनाथ मंदिर में रक्षाबंधन के पर्व पर बाबा मसानिया भैरुनाथ को कोलकत्ता, बिहार व बनारस से लाई गई रंग बिरंगी राखियो का चोला धारण करवाया गया, मंदिर परिसर में विशेष श्रृंगार किया गया।

मंदिर के युवा अध्यक्ष रवि कुमार सोलंकी ने बताया कि बाबा का श्रृंगार करने में दीपक सोनी, अवनीत सिंह छाबड़ा, पूरण नाथ अभिषेक सोलंकी सहित कई श्रद्धालुओं का सहयोग रहा। कल दिनांक 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व पर सायंकालीन विशेष आरती की जाएगी, बाबा को खीर का भोग लगाया जाएगा। मंदिर के पुजारी संतोष कुमार खटीक ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# धौलपुर नगर परिषद ने बाजार में 165 दुकानों और मकानों को किया चिन्हित, 4 से 6 फीट तक टूटेगी दुकानें

## शहर में सड़क निर्माण पर खर्च होंगे 7 करोड़ रुपए, 2 करोड़ से होगा सौंदर्यीकरण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर नगर परिषद ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई फिर से शुरु कर दी है, जिससे व्यापारियों में हलचल है। गुरुवार को नगर परिषद की टीम ने लाल बाजार से लेकर पुरानी सब्जी मंडी रोड तक अतिक्रमण व जर्जर भवनों और दुकानों पर लाल निशान लगाए। शहर के मुख्य बाजार में नगर परिषद की कार्रवाई को देखकर दुकानदारों में हड़कंप मच गया। नगर परिषद ने सड़क के दोनों ओर फीता डालकर अतिक्रमणों को चिन्हित किया। जिसमें कई जर्जर भवन व दुकानें शामिल है, जो कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकती है। अधिकारियों ने बताया कि शहर के मुख्य बाजार लाल बाजार, पुरानी सब्जी मंडी और संतर रोड पर दुकानदारों ने सड़क पर अतिक्रमण कर रखा है, जिसकी वजह से राहगीरों को सड़क पर लगने वाले जाम से जूझना पड़ता है। ऐसी कई दुकानें है, जो सार्वजनिक रोड को घेर कर बना ली गई है। दुकानदारों ने अवैध चबूतरे व स्लैब भी बना रखे है। साथ ही कई दुकान ऐसी है, जो बहुत पुरानी है और जर्जर स्थिति में पहुंच गई है। जिससे दुकानदार व ग्राहक की जान को खतरा है। उक्त दुकानों को नगर परिषद पहले ही जर्जर घोषित कर चुका है। लाल बाजार से लेकर पुरानी सब्जी मंडी तक लगभग 165 दुकानों व भवनों पर नगर परिषद ने लाल निशान लगाए है। नगर परिषद की ओर से दुकानदारों व भवन स्वामियों को सूचना देकर पहले ही सार्वजनिक नोटिस जारी किया जा चुका है, साथ ही नगर परिषद द्वारा मुनादी कराकर अतिक्रमणकारियों को 24 घंटे के अंदर स्वयं अतिक्रमण व गिरासू बिल्डिंग हटाने की हिदायत दी जा रही है। उसके बाद कार्रवाई होगी।

नगर परिषद की पुरानी सख्त कार्रवाई को देखकर दुकानदार दहशत में आ गए है, उन्हें दुकानों के टूटने का खौफ सता रहा है। दुकानदार नितिन जैन, नितिन मंगल ने बताया कि नगर परिषद की कार्रवाई से व्यापारी भयभीत है। नप ने तोप तिराहे पर भी पूर्व में 16 दुकानों को तोड़ दिया था। अगर नगर परिषद कार्रवाई करेगी तो हमारी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो जाएगा। ऐसे में हमारा आयुक्त से निवेदन है कि दुकानदारों को थोड़ा ओर समय दिया जाए और हमारे पक्ष को भी सुना जाए, उसके बाद नप कार्रवाई करे।




### इनका कहना

रेलवे स्टेशन से लेकर नेशनल हाइवे 44 तक रोड को चौड़ा किया जाना है। अतिक्रमण व जर्जर भवनों पर लाल निशान लगाए हैं। 24 घंटे का अल्टीमेटम नगर परिषद की ओर से दिया गया है। उसके बाद नगर परिषद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरु करेंगी। साथ ही लोगों की आपत्तियों को भी सुना जा रहा है।

**गुमान सिंह सैनी, एक्सईएन नगर परिषद धौलपुर**

# दिलों से लेकर दीवारों तक उकेरे जा रहे देश भक्ति के रंग

## अभियान के तहत संपूर्ण जिले में कार्यक्रमों के जरिये दिया जा रहा देशभक्ति का संदेश

**जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी कर रहे हर घर तिरंगा अभियान की मॉनिटरिंग**

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर।** जिले में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने एवं आमजन में देशभक्ति की भावना का संचार करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशों की अनुपालना में शहर से लेकर कस्बों एवं गांवों तक तिरंगा रैली, तिरंगा वाल पेंटिंग, जागरुकता रैली, रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलक्टर बी टी अभियान के सफल आयोजन के लिए निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अभियान के तहत जिले के समस्त राजकीय विद्यालयों में दीवारों पर तिरंगे की चित्रकारी, प्रभात फेरी-तिरंगा रंगोली, राखी एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन, तिरंगा रैली, मेला और संगोष्ठी के आयोजन के साथ-साथ जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की जा रही है।

# उपखंड अधिकारी मसूदा दीपशिखा की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा बैठक हुई आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** मसूदा उपखंड अधिकारी मसूदा दीपशिखा की अध्यक्षता में शुक्रवार को आजादी अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु उपखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपखंड स्तरीय हर घर तिरंगा अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु विकास अधिकारी मसूदा को ग्राम स्तरीय प्रभारी अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका विजयनगर एवं मसूदा को नगरीय क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया । इस दौरान 12 अगस्त को उपखंड स्तरीय तिरंगा रैली का आयोजन एवं 13 अगस्त को तिरंगा मैराथन नगरपालिका विजयनगर में आयोजित की जाएगी एवं साथ ही 13 अगस्त को मसूदा में तिरंगा मेला आयोजन के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किए एवं शहीदों के सम्मान में दीपदान कार्यक्रम 14 अगस्त को प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर एवं उपखंड स्तर पर आयोजन बाबत दिशा निर्देश दिए । इस दौरान विकास अधिकारी पंचायत समिति मसूदा , अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका मसूदा , सीबीईओ मसूदा आदि मौजूद रहे ।

# विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दी शहर को एक ओर सौगात

## लोहागल से जनाना अस्पताल तक 4 किलोमीटर बनेगी 6 लेन 100 फीट चौड़ी सड़क

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** 8 अगस्त को अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्रा के विकास को नई गति देते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लोहागल से जनाना अस्पताल तक 4 किलोमीटर लंबी एवं 100 फीट चौड़ी 6 लेन सड़क निर्माण की बड़ी सौगात दी है। इस सड़क निर्माण कार्य के लिए 20 करोड़ 28 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। विधानसभा अध्यक्ष की अनुशंसा पर अजमेर विकास प्राधिकरण ने स्वीकृति जारी कर सड़क निर्माण कार्य का कार्यादेश दिया। सड़क निर्माण में 700 मीटर सीसी रोड़ एवं 2.4 किमी पेवर सड़क निर्मित की जाएगी। इसमें दोनो तरफ ड्रेनेज, नाला एवं डिवाईडर बनाया जाएगा। इस सड़क के निर्माण से यातायात सुगम होने के साथ शहर की सुंदरता और बुनियादी ढांचा भी सुदृढ़ होगा।विधानसभा अध्यक्ष ने अजमेर विकास प्राधिकरण को इस सड़क के सुधार एवं नवनिर्माण के निर्देश दिए थे। एडीए ने सड़क को मंजूरी दी है। ग्लोबल कॉलेज तिराहे से जनाना अस्पताल तक निर्मित होने वाली ये सड़क मास्टर प्लान एवं सेक्टर प्लान की मुख्य सड़क है। इसके निर्माण से क्षेत्रा की अनेक कॉलोनियों के निवासियों को सुविधा मिलेंगी। इसके साथ ही शहर की पांच प्रमुख सड़कों को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर आदर्श सड़क के रूप में विकसित करने के निर्देश संबंधित निर्माण एजेंसियों को दिए गए हैं।

# कृषि विभाग की सख्त कार्यवाही: अजमेर के केकड़ी क्षेत्र में यूरिया विक्रेताओं के लाइसेंस निलम्बित

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर कृषि विभाग द्वारा जिले में खरीफ मौसम अवधि 2025 में कृषकों को असामान्य रूप से विक्रय करने और भूस्वामित्व से अधिक मात्रा में अनुदानित यूरिया उर्वरक का विक्रय करने वाले दो खुदरा उर्वरक विक्रेताओं क्रमश: मैसर्स न्यू मातेश्वरी खेती बाड़ी केंद्र केकड़ी एवं मैसर्स पुष्पा खेती बाड़ी केंद्र जूनिया के लाइसेंस 15 दिवस के लिए निलम्बित कर दिए गए है। दो अन्य विक्रेताओं क्रमश: बघेरा श्री बसंत ग्राम सेवा सहकारी समिति बघेरा, एवं मैसर्स रजनीश ट्रेडर्स सावर को नोटिस भी दिए गए है। शासन सचिव संजय तनेजा संयुक्त निदेशक कृषि एवं उद्यान विभाग राजस्थान सरकार जयपुर एवं आयुक्त कृषि विभाग राजस्थान जयपुर द्वारा प्रदत्त निर्देशों के तहत यूरिया के अधिक उपयोग होने पर कृषकों से पूछताछ और विक्रय केंद्रों पर निरीक्षण चलाया जा रहा है । गौर तलब है कि यूरिया का उपयोग गैर कृषि कार्य जैसे प्लाईवुड , रेजिन, पेंट ,और डेफ इंडस्ट्री में भी किया जाता है । इंडस्ट्रीज में टेक्निकल ग्रेड यूरिया का उपयोग होता है । जबकि कृषि उपयोग के लिए नीम कोटेड यूरिया अनुदानित दरों पर पोस मशीन द्वारा आधार सत्यापन से अनुज्ञापन धारी सहकारी एवं निजी विक्रेताओं द्वारा कृषकों को उपलब्ध कराया जाता है ।

# नगर पालिका और प्रशासन ने शहर में दो मैरिज होम को किया सीज

## नगर पालिका अधिनियम 2009 के तहत की गई कार्यवाही,अन्य संचालको में हड़कंप

**लाखो की कूट रहे चांदी लेकिन न फायर एनओसी,न पार्किंग स्थल न बिल्डिंग का पट्टा**



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में संचालित मेरोजहोम के खिलाफ शुक्रवार को प्रशासन सख्त रुख में दिखाई दिया। नगर पालिका प्रशासन द्वारा उपखण्ड प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में बसेड़ी रोड स्थित दो मैरिज होमो को पालिका अधिनियम 2009 के तहत सीज कर दिया। ईओ और नगर पालिका के अधिकारियो ने मेरिजहोम के मुख्य गेट और अन्य वैकल्पिक रास्तो पर ताला लगाकर सील बंद की कार्यवाही की और सीज के आदेश भी चस्पा कर दिए। शहर में पहली बार हुई इस कार्यवाही से मेरिजहोम संचालकों में हड़कंप देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि नगर पालिका प्रशासन की यह कार्रवाई अन्य मैरिज होम और शादी समारोह आयोजन के स्थलों पर अगले सप्ताह भी देखने को मिलेगी।नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल ने बताया की राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 के तहत यह कार्रवाई की गई है। जिसमें बसेड़ी रोड स्थित कन्हैया रिसोर्ट मैरिज होम और बीएस गार्डन मैरिज होम को सीज किया है। पूर्व में इन मैरिज होम को विभिन्न नियमो की अनदेखी करने पर नोटिस भी जारी किए थे। जिनका कोई जवाब संचालकों द्वारा नहीं दिया गया। ऐसे में सीज की कार्रवाई को अंजाम दिया है।

### ज्यादातर मैरिजहोम अवैध रूप से संचालित

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल ने बताया कि जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर बाड़ी एसडीएम भगवत शरण त्यागी के सुपरविजन और तहसीलदार उत्तम चंद्र बंसल की मौजूदगी में पुलिस प्रशासन के सहयोग से कार्रवाई की है। बाड़ी शहर के एक दर्जन से अधिक विवाह स्थल संचालित है लेकिन केवल एक-दो मेरोजहोम को छोड़कर ज्यादातर मैरिजहोम और रिसोर्ट नियम और मापदंडों की पालना नहीं कर रहे है। इनके पास न तो फायर एनओसी है और न पार्किंग सुविधा यहां तक की बिल्डिंग स्वीकृति भी नही ली गई है। जिसको लेकर पूर्व में नोटिस भी जारी किए थे। अभी दो मैरिज होम पर कार्रवाई की है। अगले सप्ताह अन्य मैरिज होम के खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा।

# शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान

**खाद्य पदार्थो के लिए 19 नमूने, नष्ट करवाई 2 क्विंटल सुखी मिठाई**

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** त्योहारी सीजन में आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इसके लिए प्रदेश भर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है। जिससे खाद्य सामग्री विक्रेता मिलावटी सामग्री नहीं बेच सकें। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा द्वारा गठित टीम लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लेने का कार्य कर रही है। विगत 5 दिनों में जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 19 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए तथा 200 किलोग्राम सूखी मिठाई तथा 80 किलोग्राम खराब चाशनी नष्ट करवाई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि लिए गए नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# मंडी व्यापारी भाडोर स्थानांतरण के विरोध में उतरे



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** नवीन मंडी यार्ड एवं नई मंडी स्टेशन रोड के व्यापारियों ने संयुक्त रूप से कृषि विभाग के शासन सचिव राजन विशाल के भरतपुर आगमन पर मुलाकात कर मंडी कार्यालय में ज्ञापन दिया गया । दोनों मंडिया के सभी व्यापारियों ने एक स्वर में भाडोर में ले जा रहे मंडी स्थानांतरण का विरोध किया ।

भरतपुर से भाडोर जाने का एकमात्र रास्ता कंजौली पुल पर आए दिन जाम लगा रहता है एवं दुर्घटनाएं होती रहती हैं । क्योंकि मंडिया में सारा व्यापार नगद में होता है जिसमें सुरक्षा की दृष्टि से भाडोर की जगह उपयुक्त नहीं है जहां पर किसान एवं व्यापारी के साथ घटनाएं घटित हो सकती हैं । सभी व्यापारियों ने एक स्वर में सरसों मंडी को अनाज मंडी कुम्हेर रोड पर शिफ्ट करने की मांग की । यह मांग व्यापारी पिछले 20 वर्षों से करते आ रहे हैं तथा यह नवीन मंडी यार्ड की जगह व्यापार की दृष्टि से उपयुक्त है । जब तक निर्णय नहीं हो तब तक बीडी द्वारा मंडी की जगह को बेचने पर रोक लगाने की मांग की ।

अगर प्रशासन मंडी को भाडोर शिफ्टिंग पर अड़ा रहता है तो व्यापारी आंदोलन की राह पर चलेगे। ज्ञापन देने वालों में नई मंडी अध्यक्ष सुरेशचंद जैन इंजीनियर घमंडीसिंह, रवि मितल ,विक्रम सरपंच, कप्तानसिंह ,बॉबी ,प्रकाश चंद गुप्ता, अमित गोयल, बृजेश अग्रवाल ,बृजमोहन, राधेश्याम ,सोनू ,काली, सुदर्शन यादव,रामू, अंकुर ,सुनील, सुमित ,अजय , गौरव, धनेश, विष्णु, कृष्ण भगवान, महेश, बिना, अनिल आदि मौजूद रहे ।

# अजमेर जस्टिस मूलचंदानी ने किया स्वाभिमान भोज रसोई का अवलोकन

**पीड़ित मानव की सेवा सबसे बड़ा धर्म एवं पुनीत कार्य -मूलचंदानी**



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस त,क्रमूलचंदानी ने अजमेर संभाग के सबसे बड़े चिकित्सालय जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय परिसर में जवाहर फाउंडेशन द्वारा संचालित स्वाभिमान भोज रसोई का अवलोकन किया । आयोग के अध्यक्ष जस्टिस मूलचंदानी ने स्वाभिमान भोज रसोई में परोसे जाने वाले भोजन को भी टेस्ट किया। अजमेर जवाहर फाउंडेशन अजमेर के प्रभारी शिव कुमार बंसल ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं स्वाभिमान भोज रसोई के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रभारी बंसल ने बताया कि 22 फरवरी 2025 से लेकर आज तक जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के परिजनों,आउटडोर में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों और जरूरतमंदों को एक रुपए में भरपेट खाना उपलब्ध कराया जा रहा है । स्वाभिमान भोज रसोई में अभी तक जरूरतमंदों को 75 हजार थालियां परोसी जा चुकी है। जस्टिस मूलचंदानी ने जवाहर फाउंडेशन की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि की पीड़ित मानव से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं है। इस दौरान जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के प्राचार्य डॉ,अनिल सामरिया अधीक्षक डॉ,अरविंद.खरे उप अधीक्षक अधीक्षक डॉ,अमित यादव डॉ,आर.के माथुर अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ ,हेमेश्वर हर्षवर्धन डॉ लुनिका टॉंक राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भवजीत सैनी मनीष अग्रवाल हेमराज सिसोदिया विजयलक्ष्मी सिसोदिया ज्योति शर्मा ध्रुविका सिसोदिया सहित जवाहर फाउंडेशन के कई प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बिजली चोरों के खिलाफ डिस्कोम का एक्शन,शहर के पॉश एरिया में छापेमार कार्यवाही

## 1000 से अधिक बिजली केबिलो को किया जप्त, बिजौली पेपर फैक्ट्री की लाइन को काटा



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में डिस्कॉम की टीम द्वारा सतर्कता टीम और पुलिस के सहयोग से आज शहर के पॉश एरिया में बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई की। उक्त कार्रवाई से जहां बिजली चोरों में हड़कंप देखा गया। वही टीम ने 1000 से 1200 के बीच में बिजली चोरी करने वाली केबिलो को जप्त किया। इस दौरान नागरिकों को हिदायद दी गई कि वे बिजली चोरी नही करें। कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डिस्कॉम की सिटी जेईएन जगदीश मीणा ने बताया की एईएन आरडी मीणा के निर्देशन में ग्रामीण जेईएन कुलदीप शर्मा, डिस्कॉम की टीम के ओमवीर सिंह, नितेश, रामधन, मुकेश, सोहन सिंह, सारनाम और सतर्कता दल के साथ कोतवाली पुलिस के सहयोग से शेर की पोस्ट एरिया ठाकुरपाड़ा, कसाई पाड़ा, तुलसीराम रोड, सरमथुरा रोड, अजीजपुरा, गुमट, बारहमासी कॉलोनी, गुर्जर कॉलोनी के साथ एक दर्जन स्थानों पर कार्रवाई की है। जहां बिजली चोरी करने वाली जंपर लाइनों को जप्त किया है। करीब 1000 से 1200 के बीच में चोरी के कनेक्शन हटाये है। बिजली चोरी करने वाले नागरिकों को मौके पर हिदायद दी है की वे बिजली कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें अन्यथा आगामी समय उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

करीब दो करोड़ के बकाया पर पेपर फेक्ट्री का कनेक्शन काटा

डिस्कॉम के ग्रामीण जेईएन कुलदीप शर्मा ने बताया की बिजौली गांव स्थित नवोसेंस पेपर फैक्ट्री पर एक करोड़ 76 लाख रुपए से अधिक का बकाया होने पर डिस्काम के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कनेक्शन काटा गया है। एचटीएम के जेईएन आयुष राज गुप्ता ने 33 केवी से जंपर लाइन को अलग किया है। फैक्ट्री संचालक को पूर्व में नोटिस दिया था। बकाया जमा नही करने पर कार्यवाही की है।

# श्रीअग्रसेन जन सेवा समिति का पारिवारिक स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** श्री अग्रसेन जन सेवा समिति हीरादास पुरुष इकाई का भव्य पारिवारिक स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह शहर के एक स्थानीय मैरिज होम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक ओमप्रकाश गुप्ता अचार वालों ने बताया कि इकाई की अग्रसेन जन सेवा समिति की कार्यकारिणी के परिवार का स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह-2025, पहली बार किया गया है! इकाई के संस्थापक अध्यक्ष भारत भूषण अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं अध्यक्ष जीतेन्द्र अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। महामंत्री पवन गुप्ता ने बताया कि अग्रसेन जन सेवा समिति हीरादास इकाई विगत 20 वर्षों से जन सेवा के कार्यों को समर्पित है जो समय समय पर अनेक सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों को करती रहती है इसी क्रम में ये कार्यक्रम इकाई के कार्यकारिणी सदस्यों के सपरिवार मिलन समारोह और सम्मान समारोह 2025 का रखा गया जिसमें आगामी अग्रसेन जयंती को सुनियोजित ढंग से मनाने पर चर्चा हुई साथ ही अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के स्वर्ण जयंती समारोह पर अग्रोहा चलने को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर इकाई के महिला सदस्यों द्वारा भगवान अग्रसेन जी के भजनों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमें सभी प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इकाई के कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश गोयनका ने बताया कि इस कार्यक्रम में इकाई के सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं परिवार सहित अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर बसंत लाल गुप्ता, गोपालदास गुप्ता, पूरन चंद मित्तल हरीश गर्ग, मनीष गर्ग, विनोद अग्रवाल, दीनानाथ गुप्ता दिनेश गर्ग, गोविन्द गुप्ता विकास सिंघल कपूर चंद अग्रवाल, योगेश सिंघल, गौरव गोयंका, अशोक गर्ग के साथ महिला इकाई की सदस्य शशिबाला गुप्ता, ज्योति अग्रवाल, उमा गर्ग, कुसुम गुप्ता, कुसुम पवन गुप्ता, मधु सिंघल, शालू गर्ग, अपनी टीम के साथ उपस्थिति रहीं।

# स्टेट लेवल ब्यूटी पेजेंट क्वीन ऑफ राजस्थान सीजन 4 का ग्रैंड फिनाले का आयोजन

## मिस कैटेगरी में पलक मिश्रा और मिसेज कैटेगरी में शालिनी शर्मा बनीं क्वीन ऑफ राजस्थान विनर



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राजधानी जयपुर में सीकर रोड स्थित आपनो राजस्थान रिजॉर्ट में कल्याण एंड संस प्रोडक्शन हाउस की ओर से आयोजित किए जा रहे स्टेट लेवल ब्यूटी पेजेंट क्वीन ऑफ राजस्थान 2025 सीजन 4 का ग्रैंड फिनाले का सफल और भव्य आयोजन किया गया, जिसमें फिनाले के लिए सिलेक्ट हुई टॉप 30 फाइनलिस्ट मॉडल्स ने विनिंग टाइटल के लिए अपनी जीत की दावेदारी पेश की। पेजेंट के आयोजक मोनू वर्मा ने बताया कि यह पेजेंट कॉलेज जाने वाली युवतियों से लेकर प्रोफेशनल मॉडल्स तक, सभी के लिए एक सुनहरा मौका बनकर उभरा है। आज इस ग्रैंड फिनाले में टॉप फाइनलिस्ट मॉडल्स ने तीन फैशन सीक्वेंस में अपने जलवे बिखेरे। इस बार शो को और भी शानदार बनाने के लिए संजय शर्मा, योगेश कुमार, नीवारा एकेडमी, और सुनीता जैस्वानी जैसे प्रतिष्ठित फैशन डिजाइनर्स जुड़े हैं।

# फीफा विश्व कप और ओलंपिक खेलने का सपना- फुटबॉल खिलाड़ी मनीषा कल्याण

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एएफसी महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला फुटबॉल खिलाड़ी मनीषा कल्याण ने शुक्रवार को कहा कि उनका सपना फीफा विश्व कप और ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करना है।ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला फुटबॉल खिलाड़ी मनीषा कल्याण ने शुक्रवार को कहा कि उनका सपना फीफा विश्व कप और ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करना है। यूएफा चैंपियंस लीग (यूरोप की शीर्ष पेशेवर फुटबॉल लीग) में खेलने वाली इकलौती भारतीय फुटबॉलर मनीषा शुक्रवार को यहां नेहरू स्टेडियम में लड़कियों के लिए आयोजित अस्मिता अंडर-13 लीग में आकर्षण का केन्द्र थी।

उन्होंने कहा कि अस्मिता 'युवा लड़कियों को अपने फुटबॉल के सपनों को साकार करने के लिए मुश्किल से मिलने वाला मंच है।' तेईस साल की मनीषा ने अस्मिता के गुवाहाटी चरण में भाग लेने वाली आठ टीमों की हौसला अफजाई करने के बाद कहा'' मेरा सपना अब फीफा विश्व कप और ओलंपिक में खेलने का है। अगले साल ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने के बाद हमारे इरादे मजबूत हुए है।''अस्मिता लीग का उद्देश्य पूरे भारत में जमीनी स्तर पर प्रतिभा की खोज करना है। मनीषा ने कहा, '' आपके पास अब 'अस्मिता' जैसा एक मंच है और आप जितने अधिक मैच खेलेंगी, आप उतनी ही बेहतर होती जाएंगी'' मनीषा के साथ इस मौके पर असम की दो उभरती हुई खिलाड़ी रेखा कटकी और दोसोमी रौतिया भी मौजूद थी। रेखा और दोसोमी दोनों ही अस्मिता लीग की हिस्सा रही है। दोसोमी ने राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाई है, वहीं रेखा ने इंडियन वीमेन लीग डिविजन 2 में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड फुटबॉल क्लब की कप्तानी की है। मनीषा ने कहा, '' फुटबॉल पूर्वोत्तर के लोगों की रगों में है। मैं बाला देवी को देखकर बड़ी हुई हूं और अब मेरी सीनियर राष्ट्रीय टीम में 11 साथी खिलाड़ी इसी क्षेत्र से हैं। इससे पता चलता है कि यहां कितनी प्रतिभा मौजूद है।

# पुरुष एकल में अमेरिका के बेन शेल्टन बने चैंपियन, विक्टोरिया एमबोको ने महिलाओं में जीता खिताब




बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। बेन शेल्टन ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपने करियर का तीसरा और सबसे बड़ा खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोवा को 6-7, 6-4, 7-6 से हराया।अमेरिका के बेन शेल्टन ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपने करियर का तीसरा और सबसे बड़ा खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोवा को 6-7, 6-4, 7-6 से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त 22 वर्षीय शेल्टन 2003 में एंडी रोडिक के बाद मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता जीतने वाले अमेरिका के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं शेल्टन ने 2023 में टोक्यो में हार्ड कोर्ट पर और पिछले साल ह्यूस्टन में क्ले कोर्ट पर भी जीत हासिल की थी। इस जीत से शेल्टन विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच जाएंगे। पुरुष युगल के फाइनल में जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 6-3, 6-7, 13-11 से हराया। दूसरी तरफ कनाडा की विक्टोरिया एमबोको ने अपना स्वप्निल अभियान जारी रखते हुए फाइनल में नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले मुकाबले में पराजित किया। इसके साथ ही विक्टोरिया ने नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका को 2-5, 6-4, 6-1 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता। इस जीत से वह वर्ल्ड रैंकिंग में 85वें से 25वें स्थान पर पहुंच जाएंगी।

## पाक क्रिकेटर हैदर अली इंग्लैंड में मैच के दौरान गिरफ्तार, खिलाड़ी पर लगा रेप का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हैदर अली को बलात्कार के आरोप में इंग्लैंड में गिरफ्तार किया गया है। ये घटना पाकिस्तान शाहीन के हाल ही में संपन्न इंग्लैंड दौरे के लिए दौरान की है। वहीं 24 साल के हैदर अली पाकिस्तान ए टीम का हिस्सा हैं, जिन्हें पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने जांच पूरी होने तक अंतिम रूप से निलंबित कर दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट एक नए विवाद के कारण शर्मसार हुआ है। युवा बल्लेबाज हैदर अली को बलात्कार के आरोप में इंग्लैंड में गिरफ्तार किया गया है। ये घटना पाकिस्तान शाहीन के हाल ही में संपन्न इंग्लैंड दौरे के लिए दौरान की है। वहीं 24 साल के हैदर अली पाकिस्तान ए टीम का हिस्सा हैं, जिन्हें पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने जांच पूरी होने तक अंतिम रूप से निलंबित कर दिया है।




## प्रियांश आर्या ने मचाया तूफान, 9 छक्के 7 चौके के साथ इतने गेंदों पर बना दिए 111 रन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईस्ट दिल्ली राइडर्स के खिलाफ आउटर दिल्ली वॉरियर्स के ओपनर बल्लेबाज प्रियांश आर्या का तूफान मैदान पर देखने को मिला। प्रियांश ने अपनी तूफानी बैटिंग के दम पर विरोधी गेंदबाजों की हवा टाइट कर दी और इस सीजन में ये प्रियांश का अपनी टीम के लिए पहला शतक रहा।

दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 के 12वें मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स के खिलाफ आउटर दिल्ली वॉरियर्स के ओपनर बल्लेबाज प्रियांश आर्या का तूफान मैदान पर देखने को मिला। प्रियांश ने अपनी तूफानी बैटिंग के दम पर विरोधी गेंदबाजों की हवा टाइट कर दी और इस सीजन में ये प्रियांश का अपनी टीम के लिए पहला शतक रहा। इस मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स के कप्तान अनुज रावत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद पहले बैटिंग करने आई आउटर दिल्ली वॉरियर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 231 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया और विरोधी टीम को जीत के लिए 232 रन का बड़ा लक्ष्य दिया।



23 साल के प्रियांश आर्या ने अरुण जेटली मैदान पर ईस्ट दिल्ली राइडर्स के खिलाफ के खिलाफ अपना शतक 52 गेंदों पर पूरा किया। हालांकि, वो इसके बाद आउट हो गए, लेकिन उन्होंने 56 गेंदों का सामना करते हुए 111 रन की तूफानी पारी खेली। प्रियांश का स्ट्राइक रेट इस दौरान 198.21 का रहा जबकि उन्होंने अपनी पारी के अंदर 9 छक्के और 7 चौके जड़े।

वहीं आउटर दिल्ली के दूसरे ओपनर बल्लेबाज सनत सांगवान 5 गेंदों पर 10 रन बनाकर आउट हो गए।

## चेन्नई सुपर किंग्स का साथ छोड़ेंगे रविचंद्रन अश्विन, यहां जानें वजह

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रविचंद्रन अश्विन ने चेन्नई सुपर किंग्स छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने फ्रेंचाइजी को अपनी इच्छा बता दी है। अश्विन ने 2025 के आईपीएल में ही 9 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स में वापस आई थे। फ्रेंचाइजी ने उन्हें मेगा ऑक्शन में 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा था।स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चेन्नई सुपर किंग्स छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने फ्रेंचाइजी को अपनी इच्छा बता दी है। अश्विन ने 2025 के आईपीएल में ही 9 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स में वापस आई थे। फ्रेंचाइजी ने उन्हें मेगा ऑक्शन में 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा था।



# बिजनिस

# 10,52,61,12,00,000 का नुकसान, ट्रंप के चक्कर में अगर भारत ने बंद किया रूस से तेल लेना तो बढ़ जाएगा खर्च

बढ़ता राजस्थान



नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर सभी देश रूस से तेल खरीदना बंद कर दें, बशर्ते कोई अन्य देश अपना उत्पादन न बढ़ाए, तो कच्चे तेल की कीमतें 10 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। यूक्रेन पर आक्रमण के बाद पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद, भारत ने ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 2022 से रूसी तेल की खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर भारत रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद कर देता है, तो उसका तेल आयात बिल बढ़कर 12 अरब अमेरिकी डॉलर हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, अगर सरकार वित्त वर्ष 2025-26 की शेष अवधि के लिए रूस से तेल आयात बंद कर देती है, तो कीमतों में बढ़ोतरी के कारण वित्त वर्ष 2026 में ईंधन बिल 9 अरब अमेरिकी डॉलर और वित्त वर्ष 2027 में 11.7 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़ने की उम्मीद है। एसबीआई ने कहा कि अगर भारत वित्त वर्ष 2026 की शेष अवधि के दौरान रूस से तेल आयात बंद कर देता है, तो भारत का ईंधन बिल केवल 9 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़ सकता है।

### वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

अगर सभी देश रूस से तेल खरीदना बंद कर दें, बशर्ते कोई अन्य देश अपना उत्पादन न बढ़ाए, तो कच्चे तेल की कीमतें 10 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। यूक्रेन पर आक्रमण के बाद पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद, भारत ने ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 2022 से रूसी तेल की खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि की है। रूस कच्चे तेल को छूट पर बेच रहा था और उसने इसकी कीमत 60 डॉलर प्रति बैरल तय की थी। वित्त वर्ष 2020 में, भारत के कुल तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी केवल 1.7 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025 में यह बढ़कर 35.1 प्रतिशत हो गई, जिससे रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया। मात्रा के लिहाज से, भारत ने वित्त वर्ष 2025 में रूस से 88 मिलियन मीट्रिक टन (एमटी) कच्चा तेल आयात किया, जो उसके कुल तेल आयात 245 एमटी में से था। यूक्रेन युद्ध से पहले, इराक भारत का शीर्ष कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता था, उसके बाद सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का स्थान था।

### भारत ने अपने तेल स्रोतों में विविधता लाई

भारत ने न केवल रूस से अपनी खरीद बढ़ाई है, बल्कि लगभग 40 देशों में अपने तेल स्रोतों में भी विविधता लाई है। गुयाना, ब्राज़ील और कनाडा से नए आपूर्ति विकल्प सामने आए हैं, जिससे देश की ऊर्जा सुरक्षा में वृद्धि हुई है। एसबीआई की रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि आयात बिल में संभावित वृद्धि महत्वपूर्ण है, लेकिन भारत का विविध आपूर्ति नेटवर्क और अन्य तेल उत्पादक देशों के साथ स्थापित अनुबंध इस प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। हालांकि, रूसी निर्यात में कमी के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से लागत पर दबाव बढ़ेगा।

## फिर महंगा हुआ सोना... गोली की रफ्तार से बढ़ रही कीमत,

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोने में तेजी थमने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को भी इसमें जबरदस्त तेजी आई। स्टॉकिस्टों की लगातार खरीदारी के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 1,03,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,600 रुपये बढ़कर 1,02,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए बंद स्तर पर रही थी। राष्ट्रीय राजधानी में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 800 रुपये बढ़कर 1,03,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके साथ ही यह गुरुवार के 1,02,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने पिछले सर्वकालिक उच्च स्तर को पार कर गया। पिछले पांच सत्रों में सोने की कीमतों में 5,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की वृद्धि हुई है।



### चांदी भी हुई महंगी

सर्राफा संघ के अनुसार शुक्रवार को चांदी की कीमतें भी 1,000 रुपये बढ़कर 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। गुरुवार को यह 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। पिछले पांच सत्रों में चांदी की कीमत में 5,500 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि हुई है।

### सोने में तेजी का कारण

अबंस फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ चिंतन मेहता का कहना है कि अमेरिका द्वारा स्विट्जरलैंड से आयातित एक किलो और 100 औंस सोने की छड़ों पर 39 प्रतिशत शुल्क लगाने के बाद सोने की कीमतों में तेजी आई है। इससे एक प्रमुख आपूर्ति मार्ग बाधित हुआ है और सर्राफा बाजार में नई अस्थिरता आई है। जानकारों के मुताबिक सोने की कीमत में आने वाले समय में तेजी आ सकती है।

### और महंगा होगा सोना

आने वाले समय में सोने की कीमत में और तेजी आ सकती है। सोने में इन 3 कारणों को देखते हुए आ सकती है तेजी-

1. डॉलर का कमजोर होना

जब से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत दूसरे देशों पर टैरिफ लगाया है, डॉलर कमजोर होना शुरू हो गया है। ट्रंप आने वाले समय में और टैरिफ बढ़ा सकते हैं7 इससे डॉलर और कमजोर हो सकता है। डॉलर जितना कमजोर होगा, सोने की कीमत उतनी ही बढ़ेगी।

### 2. फेडरल रिजर्व की बैठक

अगले महीने अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक होने जा रही है। माना जा रहा है कि फेड रिजर्व ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। इस कटौती के लिए फेड रिजर्व पर ट्रंप का भी काफी दबाव है। ब्याज दर में कटौती होती है तो लोग सोने में ज्यादा निवेश करेंगे जिससे इसकी मांग बढ़ेगी। और जब मांग बढ़ेगी तो कीमत में भी तेजी आएगी।

### 3. रेपो रेट स्थिर होना

रिजर्व बैंक ने हाल ही में एमपीसी की बैठक की थी। इसमें ब्याज दरों पर फैसला लिया है। रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में कोई बदलाव

## उच्चतम न्यायालय ने भूषण पावर एंड स्टील मामले में नए सिरे से सुनवाई शुरू की

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीपीएसएल के पूर्व प्रवर्तकों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ध्रुव मेहता ने दलील दी कि समाधान प्रक्रिया के दौरान कंपनी ने हजारों करोड़ रुपये का परिचालन लाभ कमाया, जो कर्जदाताओं को मिलना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (बीपीएसएल) की कर्ज समाधान योजना से जुड़ी याचिकाओं पर नई सिरे से सुनवाई शुरू की। इससे पहले दो मई के अपने फैसले को शीर्ष अदालत ने 31 जुलाई को वापस ले लिया था। उस फैसले में बीपीएसएल के कर्ज समाधान के लिए जेएसडब्ल्यू स्टील की तरफ से पेश समाधान योजना को रद्द कर परिसमापन का आदेश दिया गया था।मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि दो मई को सुनाया गया फैसला कानूनी नजरिये से सही नहीं था। ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि पूर्व प्रवर्तकों को इसमें कानूनी पक्षकार बनने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि वही लोग कंपनी को दिवालिया स्थिति में लेकर आए हैं।उन्होंने कहा कि जेएसडब्ल्यू स्टील की 19,000 करोड़ रुपये की योजना को सीओसी और राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) पहले ही मंजूर कर चुके हैं। मेहता ने कहा कि इस समाधान योजना के क्रियान्वयन में देरी से 2,500 करोड़ रुपये का नुकसान पहले ही हो चुका है।



## रजिस्टर्ड पोस्ट बंद नहीं की गई है, भारतीय डाक ने जारी किया फैक्ट चेक, जानें क्या हो रहा बड़ा बदलाव

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। पीआईबी ने फैक्ट चेक करते हुए कहा कि डाक संचालन को सुव्यवस्थित करने, वितरण समय में सुधार लाने और रसद संसाधनों का अनुकूलन करने के लिए, डाक विभाग ने अपने छंटाई ढाँचे को युक्तिसंगत बनाया है और पंजीकृत तथा स्पीड पोस्ट, दोनों प्रकार की वस्तुओं के प्रसंस्करण को एकीकृत किया है।भारतीय डाक ने मीडिया के एक खास वर्ग द्वारा चलाई जा रही उन खबरों को खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया गया था कि बेहद लोकप्रिय सेवा, पंजीकृत डाक, 1 सितंबर, 2025 से बंद हो रही है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर जारी एक तथ्य जांच में, डाक विभाग ने कहा कि पंजीकृत डाक को बंद नहीं किया गया है और वास्तव में इस सेवा को स्पीड पोस्ट के साथ विलय करके उन्नत किया गया है। वहीं, पीआईबी ने फैक्ट चेक करते हुए कहा कि डाक संचालन को सुव्यवस्थित करने, वितरण समय में सुधार लाने और रसद संसाधनों का अनुकूलन करने के लिए, डाक विभाग ने अपने छंटाई ढाँचे को युक्तिसंगत बनाया है और पंजीकृत तथा स्पीड पोस्ट, दोनों प्रकार की वस्तुओं के प्रसंस्करण को एकीकृत किया है।



इसमें कहा गया है कि यह एकीकरण बैकएंड दक्षता को बढ़ाएगा, पारगमन में देरी को कम करेगा और पूरे नेटवर्क में बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। पंजीकृत डाक और स्पीड पोस्ट, दोनों ही जवाबदेह सेवाएँ हैं, जिनमें प्रेषण के प्रत्येक चरण का रिकॉर्ड रखा जाता है। मुख्य अंतर उनके वितरण प्रोटोकॉल में है। जहाँ पंजीकृत डाक प्राप्तकर्ता-विशिष्ट होती है (केवल प्राप्तकर्ता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि को वितरित की जाती है), वहीं स्पीड पोस्ट प्राप्तकर्ता-विशिष्ट होती है (पते पर मौजूद किसी भी व्यक्ति को वितरित की जाती है)। एकीकरण के बाद, स्पीड पोस्ट लेटर और स्पीड पोस्ट पार्सल पते के अनुसार डिलीवरी प्रदान करेंगे, जबकि पंजीकरण के साथ स्पीड पोस्ट के रूप में बुक की गई वस्तुओं की डिलीवरी विशिष्ट पते पर की जाएगी।

# शाह बोले-जो भारत में नहीं जन्मा, वोट नहीं डाल सकेगा

## बांग्लादेश से आकर बिहार में नौकरियां खा जाते हैं, लालू-कांग्रेस उन्हें बचाना चाहते हैं

बढ़ता राजस्थान

**सीतामढ़ी (एजेंसी)।** गृहमंत्री अमित शाह और नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सीतामढ़ी में माता जानकी मंदिर का भूमिपूजन किया। इस दौरान डिप्टी ष्टरूसम्राट चौधरी भी उनके साथ मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने पुरानी सरकार को घेरा। अमित शाह ने एसआईआर से लेकर ऑपरेशन सिंदूर पर अपनी बात रखी। उन्होंने ये भी बताया कि मोदी जी बिहार का दौरा कर रहे हैं। मैं संगठन की मीटिंग कर रहा हूं। बिहार में स्पष्ट बहुमत से एनडीए की सरकार बन रही है।

अमित शाह ने एसआईआर पर लालू-राहुल को घेरते हुए कहा कि जो भारत में जन्मा नहीं, उसे वोट देने का अधिकार नहीं। घुसपैठिए इन लोगों के वोट बैंक हैं। इसलिए इनको (महागठबंधन) परेशानी है।

### 4 पॉइंट में अमित शाह का भाषण

1. **एसआईआर पर लालू-कांग्रेस को घेरा**- बिहार में चुनाव होने वाला है। मेरे आने से पहले पूरे अखबार भरे पढ़े हैं कि एसआईआर होना चाहिए या नहीं। जनता बताए कि घुसपैठिए को वोटर लिस्ट से निकालना चाहिए या नहीं। लालू बताएं कि किसको बचाना चाहते हो। बांग्लादेश से आकर बिहार के युवाओं की नौकरी खा जाते हैं, लालू- कांग्रेस उनको बचाना चाहती है। जो भारत में जन्मा नहीं है उसे वोट देने का अधिकार भी नहीं है।
2. **लालू-तेजस्वी को चुनौती**- तेजस्वी यादव मुझसे पूछते हैं कि एनडीए सरकार ने मिथिलांचल के लिए क्या किया। मैं बनिया का बेटा हूं, पाई-पाई का हिसाब रखता हूं। तेजस्वी बताएं उनके माता-पिता के राज में गुंडई और अपहरण के अलावा क्या हुआ। मैं लालू को चैलेंज देता हूं। आएं और पुनौराधाम में ही मिथिलांचल के लिए किए कामों को गिना दें।
3. **हमने पाकिस्तान में घुसकर मारा**- ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए शाह ने कहा- कांग्रेस की सरकार में आतंकी बम फेंककर भाग जाते थे। कोई पूछने वाला नहीं था। हमने पहलगाम हमले का बदला लिया। पाकिस्तान को घर में घुसकर मारा। ये लालू एंड पार्टी इस पर सवाल उठाती है। लालू एंड कंपनी को मालूम नहीं है, ये नरेंद्र मोदी की सरकार है, ये एनडीए की सरकार है। देश से खिलवाड़ करने का किसी को अधिकार नहीं है।
4. **बिहार में एनडीए की सरकार बनने जा रही है**- मोदी जी बिहार का दौरा कर रहे हैं। मैं संगठन की मीटिंग कर रहा हूं। बिहार में स्पष्ट बहुमत से एनडीए की सरकार बन रही है।



### गृहमंत्री अमित शाह ने रखी मंदिर की पहली ईंट

मूसलाधार बारिश के बीच गृहमंत्री अमित शाह ने मंदिर की पहली ईंट रखी। मंदिर को नेपाल के फूलों से सजाया गया है। भूमिपूजन के लिए 21 तीर्थों की मिट्टी, 11 नदियों का जल मंगवाया गया था। अयोध्या के हनुमान गढ़ी से ईंट भी पहुंची थी। 50 एकड़ में 882 करोड़ की लागत से मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। पूरे मंदिर का निर्माण खास किस्म के सैंड स्टोन (बलुआ पत्थर) से होगा। ये पत्थर राजस्थान से मंगवाए जा रहे हैं। मंदिर की ऊंचाई 156 फीट होगी, जो अयोध्या के राम मंदिर से 5 फीट कम है। अमित शाह ने समस्तीपुर से दिल्ली के लिए अमृत भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम में पीएम मोदी की अयोध्या में पूजा की तस्वीरें दिखाई गईं।

# ईसी ने तेजस्वी को वोटर आईडी सरेंडर करने को कहा

## लेटर में लिखा- ईपीसी नंबर आरएबी 2916120 फर्जी

बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को चुनाव आयोग ने अपना वोटर आईडी 16 अगस्त तक सरेंडर करने को कहा है। शुक्रवार को लेटर जारी कर चुनाव आयोग ने कहा- आपने 2 अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को जानकारी दी थी कि आपकी ईपीसी संख्या-आरएबी 2916120 हमारे डेटा में नहीं है। चुनाव आयोग ने लेटर में लिखा कि जांच के दौरान पाया गया कि आपका नाम मतदान केंद्र, संख्या-204, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का पुस्तकालय भवन के क्रमांक-416 पर ईपीसी संख्या- आरएबी 0456228 से है। विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के दौरान आपने बीएलओ के जरिए जो गणना प्रपत्र जमा किया गया था, उसमें भी ईपीसी संख्या- आरएबी 0456228 ही रजिस्टर्ड है। संख्या आरएबी 2916120 वाला ईपीसी नंबर हमारे डेटा में नहीं मिला। इन सभी फैक्ट्स से लगता है कि ईपीसी कार्ड संख्या- आरएबी 2916120 फर्जी है। फर्जी सरकारी दस्तावेज बनाना और उपयोग करना कानूनी अपराध है। आपसे एक बार फिर अनुरोध है कि आपका फर्जी प्रतीत होता ईपीसी कार्ड निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक 16.08.2025 दोपहर 5:00 बजे तक जमा कराएं। तेजस्वी ने कहा था- मेरा और पत्नी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है 2 अगस्त को तेजस्वी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था- मेरा और पत्नी का नाम वोटर लिस्ट से कट गया है। बीएलओ आई थीं और हमारा सत्यापन करके गई हैं। फिर भी मतदाता सूची में नाम नहीं है।

# सैफ को पैतृक संपत्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत

## एमपी हाईकोर्ट के फैसले पर रोक; ट्रॉयल कोर्ट को नए सिरे से सुनवाई को कहा था

बढ़ता राजस्थान

**भोपाल।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान को भोपाल स्थित पुश्तैनी संपत्ति विवाद में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। जबलपुर हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई है। एक महीने पहले ही जबलपुर हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को नए सिरे से सुनवाई के निर्देश दिए थे। इसके साथ ही ट्रायल कोर्ट के 14 फरवरी 2000 को पारित आदेश को दोषपूर्ण पाते हुए निरस्त कर दिया था। जबलपुर हाईकोर्ट ने यह भी व्यवस्था दी थी कि ट्रायल कोर्ट एक साल की समय सीमा के अंदर प्रकरण का पटाक्षेप करें। यह आदेश हाईकोर्ट ने भोपाल रियासत के अंतिम नवाब मोहम्मद हमीदुल्ला खान की संपत्ति को लेकर चल रहे उत्तराधिकार विवाद को लेकर सुनाया था। अपील नवाब हमीदुल्ला खान के वंशज बेगम सुरैया, नवाबजादी कमरताज राबिया सुल्तान और अन्य की ओर से दायर की गई थी।

### सैफ के परिवार ने सुप्रीम कोर्ट में की थी अपील

इस केस में क्रिकेटर नवाब मंसूर अली खान पटौदी, उनकी पत्नी अभिनेत्री शर्मिला टैगोर, पुत्र सैफ अली खान, बेटियां सबा सुल्तान, सोहा अली खान को पक्षकार बनाया गया था। इस मामले में यसीर और फैजा सुल्तान का दावा था कि नवाब की निजी संपत्ति पर सभी वैध वारिसान का अधिकार है।

# सुप्रीम कोर्ट की बांके बिहारी ट्रस्ट पर अस्थाई रोक

## यूपी सरकार ने मंदिर देखभाल के लिए बनाया था, केस हाईकोर्ट ट्रांसफर किया

बढ़ता राजस्थान

मथुरा। सुप्रीम कोर्ट ने बांके बिहारी ट्रस्ट पर अस्थायी रोक लगा दी। शुक्रवार को कोर्ट ने कहा- बांके बिहारी मंदिर न्यास अध्यादेश, 2025 के तहत समिति के संचालन को सस्पेंड किया जा रहा है। कोर्ट ने अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका को हाईकोर्ट ट्रांसफर किया है।

दरअसल, 15 मई को सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को मंदिर के धन का उपयोग कॉरिडोर विकास के लिए और मंदिर के आसपास की 5 एकड़ भूमि अधिग्रहण करने की अनुमति दी। शर्त यह थी कि अधिग्रहित भूमि ठाकुरजी के नाम पर पंजीकृत होगी।

इसके बाद 26 मई को यूपी सरकार ने अध्यादेश- 2025 जारी किया। इसमें मंदिर की देखभाल के लिए ट्रस्ट (न्यास) बनाने की व्यवस्था की गई। इसमें मंदिर का प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की जिम्मेदारी श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास द्वारा संभाली जानी थी। इसमें 11 सदस्य मनोनीत होने थे, जबकि 7 सदस्य पदेन हो सकते हैं। इसके खिलाफ 27 मई को देवेंद्र गोस्वामी, सोहन मिश्रा, रजत गोस्वामी और व्यापारियों की तरफ से 4 याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई थीं। एडवोकेट एनके गोस्वामी के मुताबिक, चौथी तारीख में शुक्रवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब तक हाईकोर्ट इस मामले पर फैसला नहीं ले लेता, तब तक समिति को स्थगित रखा जाएगा। इस बीच, मंदिर की सुचारू व्यवस्था के लिए एक और समिति का गठन किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता हाईकोर्ट के एक पूर्व न्यायाधीश करेंगे। समिति में कुछ सरकारी अधिकारी और गोस्वामियों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे, जो मंदिर के पारंपरिक संरक्षक हैं।

# अगले सप्ताह भी कमजोर रहेगा मानसून

## 15 अगस्त बाद तेज बारिश होने की संभावना; पारा 38 डिग्री पर पहुंचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में मानसून की सुस्ती अगले कुछ दिन और रहने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर ने आगामी दो सप्ताह के पूर्वानुमान में इस बात के संकेत दिए हैं।

आगामी सप्ताह मानसून के कमजोर रहने और 15 अगस्त बाद ही एक्टिव होने और कहीं-कहीं तेज बारिश का दौर शुरू होने की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- अभी मानसून ट्रफ लाइन फिरोजपुर, चंडीगढ़ होते हुए हिमाचल, उत्तराखंड से होकर गुजर रही है। ये अभी कुछ समय और उत्तरी दिशा (अपनी सामान्य स्थिति से अलग) रहने का अनुमान है। इस कारण राजस्थान में अगले एक सप्ताह और बारिश का दौर कमजोर रहने की संभावना है। 9 से 11 अगस्त के बीच पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि पश्चिमी हिस्सों (जोधपुर, उदयपुर, अजमेर, बीकानेर संभाग के एरिया) में बारिश होने कम संभावना है।



### मौसम साफ, दिनभर निकली धूप

राजस्थान में पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के सभी जगह मौसम शुष्क रहा और धूप रही। जयपुर, अजमेर, कोटा, बीकानेर और जोधपुर संभाग के लगभग सभी जिलों में मौसम साफ रहा। भरतपुर संभाग के जिलों में कल कुल जगह हल्के बादल छाए रहे। भरतपुर में यूपी बॉर्डर के पास डीग एरिया में हल्की बारिश हुई, यहां 20एमएम बरसात दर्ज हुई।

### 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा पारा

गुरुवार को राज्य में दिन का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कल सबसे ज्यादा तापमान गंगानगर जिले में 38 .2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर, जैसलमेर में 37 .4, बीकानेर में 37 .2, चूरू में 36 .1, फलौदी में 36 .6, अलवर में 35, पिलानी में 35 .7, हनुमानगढ़ में 35 .6, चित्तौड़गढ़ में 34 .5, सीकर में 33 .5, कोटा में 33 .6 और राजधानी जयपुर में 34 .9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

# शिक्षा मंत्री ने स्वागत में नहीं पहना साफा-माला

## बोले-7 बच्चों की मौत के बाद ये तय किया, स्कूलों की बिल्डिंग के लिए भामाशाहों से मांगा सहयोग

बढ़ता राजस्थान



**बहरोड़।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बहरोड़ में स्वागत के दौरान माला और साफा पहनने से मना कर दिया। मंत्री ने कहा कि झालावाड़ हादसे के बाद उन्होंने ये तय किया है। दरअसल..शिक्षा मंत्री बहरोड़ के भिटेड़ा गांव में सेठ राज नारायण लॉ कॉलेज की पहली मंजिल का शिलान्यास करने जा रहे थे, इसी दौरान अग्रवाल समाज द्वारा बहरोड़ में स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया था। वे सुबह 11.15 बजे बहरोड़ पहुंचे थे।

### आपने स्वागत की तैयारी की, लेकिन मैं कुछ दिन स्वागत-सम्मान नहीं कराऊंगा

शिक्षा मंत्री ने कहा-आपने स्वागत की तैयारी की है, लेकिन मेरी मजबूरी है। कुछ दिन पहले सरकारी स्कूल की बिल्डिंग गिरने से सात बच्चे स्वर्गवासी हो गए थे। इसलिए मैंने तय किया है कि मैं कुछ दिन स्वागत सम्मान नहीं कराऊंगा। मैं माफी चाहता हूं।

### भामाशाहों से स्कूलों की बिल्डिंग के लिए मांगा सहयोग

शिक्षा मंत्री ने भामाशाहों से कहा-मेरा निवेदन है कि इस कस्बे में जो स्कूल मरम्मत मांग रहें हैं, जो जीर्ण शीर्ण हो गए हैं। उसमें आप हमारा सहयोग करेंगे तो कृपा होगी। जिससे हमारे स्कूल ठीक हो जाए। जो बिल्डिंग गिरने की नौबत आती है वो ना आए। वैसे सरकार अपनी पूरी ताकत के साथ काम कर रही है, लेकिन आप जानते हैं कि पूरा काम एक साथ नहीं किया जा सकता है। भामाशाह श्रीधर गुप्ता और राजेश नारायण से मैंने निवेदन किया है, जिसको उन्होंने स्वीकार कर लिया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह कानून पर सरकार से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में बने नए कानून भारतीय न्याय संहिता में राजद्रोह से जुड़ी धारा 152 को लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा है कि वह इसकी संवैधानिक वैधता यानी संविधान के अनुसार सही होने पर विचार करेगा।

याचिका सेना के रिटायर्ड मेजर जनरल एस.जी. वोम्बटकेरे ने दायर की है। उन्होंने कहा है कि ब्छै की धारा 152, पुराने राजद्रोह कानून (आईपीसी की धारा 124) की तरह ही है, बल्कि उससे भी ज्यादा सख्त, खतरनाक और अस्पष्ट है।

सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने याचिका पर नोटिस जारी किया। कोर्ट ने इस याचिका में उस पुराने मामले से जोड़ने का आदेश भी दिया है जिसमें पहले से आईपीसी के राजद्रोह कानून को चुनौती दी गई थी। इस मुद्दे पर अगली सुनवाई में सरकार को कोर्ट में अपना पक्ष रखना होगा।

# राजस्थान हाईकोर्ट के 42 जजों को जिलों की गार्जियनशिप मिली

## न्यायिक अधिकारियों की ईमानदारी के मापदंडों पर अपने क्षेत्र की समीक्षा करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट के सभी 42 जजों को विभिन्न जिलों और न्याय क्षेत्रों की गार्जियनशिप (अभिभावकत्व) की जिम्मेदारी दी गई है।

चीफ जस्टिस केआर. श्रीराम के आदेश के अनुसार- सभी न्यायाधीश संबंधित जिले में न्यायिक अधिकारियों की कार्यशैली और ईमानदारी के मापदंडों पर अपने क्षेत्र की समीक्षा करेंगे। समय-समय पर मुख्य न्यायाधीश को जानकारी देंगे। इसके लिए जज अपने क्षेत्र के दौरे की पूर्व सूचना भी मुख्य न्यायाधीश को देंगे। ताकि कोर्ट के मुख्य कार्यों पर कम से कम प्रभाव पड़े।

### गार्जियनशिप क्या है?

गार्जियनशिप न्यायक्षेत्र का मतलब होता है कि किसी बड़े न्यायालय (जैसे- हाईकोर्ट) के एक-एक जज को राज्य के अलग-अलग जिलों के कोर्ट की देखरेख और मार्गदर्शन की जिम्मेदारी देना। इसमें गार्जियन जज अदालतों का कामकाज, ईमानदारी और कार्यक्षमता पर नजर रखते हैं। अगर किसी इलाके में अदालतों से जुड़ी कोई समस्या है। न्याय की गुणवत्ता सुधारनी है, दिशा-निर्देश देने हैं। गार्जियन जज वहां के अधिकारियों को सलाह देंगे। जरूरी जानकारी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को भेजेंगे। इससे पूरे राज्य की न्यायिक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहती है।



### इन बातों का ध्यान रखेंगे जज

उनके इलाके का न्यायिक सिस्टम ठीक चल रहा है या नहीं, किसी तरह की दिक्कतें तो नहीं आ रही। अगर किसी कोर्ट में अनुशासन, काम की गति या ईमानदारी से जुड़ी दिक्कत है। जज उस पर ध्यान देंगे।

अपने इलाके का दौरा भी करेंगे। अधिकारियों से मिलेंगे और जरूरत पड़ने पर सुझाव या सुधार बताएंगे। आदेश के अनुसार, पूर्व में कुछ न्यायाधीशों के रिटायर होने, स्थानांतरण और पदोन्नति के कारण गार्जियनशिप के लिए न्याय क्षेत्रों का पुनः आवंटन किया गया है। ऐसे में पुराने सभी आदेश निरस्त माने जाएंगे। 5 अगस्त को जारी यह नया आदेश तत्काल लागू हो गया है।

# राव इंद्रजीत को पूर्व मंत्री ने बताया छोटे दिल वाला

## खट्टर से मुलाकात के बाद बोला हमला, लिखा- सुविधानुसार राव तुलाराम का कवच पहन रहे

**नारनौल।** दक्षिण हरियाणा यानी अहीरवाल में भाजपाई फूट खुलकर सामने आई है। नायब सैनी सरकार के पहले कार्यकाल में मंत्री रहे पूर्व ब्ध्ै अफसर डॉ. अभय सिंह यादव ने अपनी ही पार्टी के केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत पर निशाना साधा। एक के बाद एक 2 पोस्ट किए। इनमें राव इंद्रजीत को छोटे दिल वाला तक कह दिया। यह भी लिखा- अहीर समाज के ठेकेदार सुविधानुसार महानायक राव तुलाराम राजनीतिक कवच पहनते हैं। राव इंद्रजीत राव तुलाराम के परपोते हैं। असल में, नारनौल के पास गांव कोरियावास में 725 करोड़ रुपए की लागत से 800 बेड का मेडिकल कॉलेज बना है। इस कॉलेज का नाम सरकार ने महर्षि च्यवन चिकित्सा महाविद्यालय रखा है। राव इंद्रजीत सिंह के समर्थक इस कॉलेज का नाम शहीद राव तुलाराम के नाम पर रखवाना चाह रहे हैं। 3 माह से विवाद छिड़ा हुआ है। पहला मौका है जब भाजपा के किसी अहीर नेता ने राव इंद्रजीत पर खुला हमला किया है।

# राहुल बोले- मोदी वोट चुराकर प्रधानमंत्री बने

## 25 सीट 35 हजार या कम अंतर से जीते; ईसी इलेक्ट्रॉनिक डेटा दे, तो साबित करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु(एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार 25 सीट के मार्जिन से प्रधानमंत्री बने हैं। 25 सीट ऐसी हैं, जिन्हें भाजपा ने 35 हजार या कम वोट से जीतीं। अगर हमें इलेक्ट्रानिक डेटा मिल जाए तो हम साबित कर देंगे कि मोदी चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं।

राहुल ने कहा- चुनाव आयोग को पिछले 10 साल की देश की सारी इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट और वीडियोग्राफी देनी चाहिए। ये सब नहीं देंगे तो क्राइम है। भाजपा को चुनाव चोरी करने दे रहे हैं। पूरे देश को चुनाव आयोग से वोटर्स का डेटा मांगना चाहिए।

राहुल गांधी ने कर्नाटक के बेंगलुरु में फ्रीडम पार्क में आयोजित कांग्रेस की वोट अधिकार रैली में ये बात कही। उनके साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी रैली में शामिल हुए।

राहुल ने गुरुवार को भी आरोप लगाया था कि कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में 1,00,250 फर्जी वोट बनाए गए, जिससे भाजपा को फायदा हुआ। भाजपा-ईसी की मिलीभगत से यह धांधली हुई, जिसने पीएम मोदी को तीसरी बार सत्ता में पहुंचाया।

### राहुल की स्पीच की बड़ी बातें...

कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा में 6 .50 लाख वोट हैं। उसमें से 1 लाख 250 वोट चोरी किए गए, मतलब 6 में से 1 वोट इन्होंने चोरी किए। 5 तरीके से चोरी की गई। डुप्लीकेट वोटर मतलब एक वोटर ने कई बार वोट किया। एक वोटर ने 5-6 पोलिंग बूथ में वोट डाला।

इन लोगों का कोई एड्रेस भी नहीं है। करीब 40 हजार ऐसे वोट हैं। एक एड्रेस पर कई वोटर हैं। एक बेडरूम के घर में 40-50 वोटर दिखा दिए। जब हम उन्हें ढूंढने गए तो वहां कोई नहीं था। उस घर का मालिक बीजेपी नेता निकला।



कर्नाटक की सरकार पैसा देकर चोरी की गई थी। मेरे पास सबूत है कि लोकसभा में भी चोरी की गई। भाजपा की विचारधारा संविधान के खिलाफ है। कर्नाटक का डेटा निकालने में हमें 6 महीने लगे, 1 वोट को लाखों वोटर से चेक किया।

हर एक नाम को चेक किया, चुनाव आयोग का पूरा डेटा हमारे लिए सबूत है। हमें एक सीट की सच्चाई निकालने के लिए 6 महीने लगे, अगर ईसी ने डेटा नहीं दिया तो हम ये काम 20-25 सीटों पर भी कर सकते हैं। आप छिप नहीं सकते एक न एक दिन आपको विपक्ष का सामना करना पड़ेगा।

जहां फार्म 6 का मिसयूज किया गया, वहां 34 हजार वोट थे। फार्म 6 नए वोटर्स के लिए होता है, लेकिन 34 हजार ऐसे वोटर्स हैं जिनकी ने पहले कर्नाटक में वोट दिया।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)